दैनिक

RNI No. MPHIN/2018/77427

सच कहने का साहस

# चम्बल नवराष्ट्र

web portal : cnnews.co.in | Email : guptavineet087@gmail.com | Share Events & News 8889307028

वर्ष -6 अंक-229 भोपाल, मंगलवार 30 जुलाई 2024 पृष्ठ -8 मूल्य-2.00

## संसद में राहुल गांधी का 46 मिनट का भाषण, महाभारत के चक्रव्यूह की चर्चा

**नई दिल्ली।** संसद सत्र के छठे दिन सोमवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बजट की तुलना महाभारत के चक्रव्यूह से की। राहुल ने कहा- हजारों साल पहले कुरुक्षेत्र में अभिमन्यु को चक्रव्यूह में फंसाकर 6 लोगों ने मारा था। चक्रव्यूह का दूसरा नाम है- पद्मव्यूह, जो कमल के फूल के शेप में होता है। इसके अंदर डर और हिंसा होती है।



21वीं सदी में एक नया चक्रव्यूह रचा गया है- वो भी कमल के फूल के रूप में तैयार हुआ है। इसका चिह्न प्रधानमंत्री अपने सीने पर लगाकर चलते हैं। अभिमन्यु के साथ जो किया गया, वह भारत के साथ किया जा रहा है। आज चक्रव्यूह के बीच में 6 लोग हैं। ये 6 लोग- नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत, अजित डोभाल, अडाणी और अंबानी हैं।

राहुल ने कहा- किसान आपसे एमएसपी की लीगल गारंटी की मांग कर रहे हैं। आपने उनको बॉर्डर पर रोक रखा है। किसान मुझसे मिलने यहां आना चाहते थे। आपने उनको यहां आने नहीं दिया, आपने किसानों के लिए क्या किया, तीन काले कानून लाए। इस पर स्पीकर ने कहा कि सदन में गलत ना बोलें।

कांग्रेस सांसद बोले- ये जो दो लोग (अंबानी-अडाणी) हैं, ये हिंदुस्तान के इन्फ्रास्ट्रक्चर को और बिजनेस को कंट्रोल करते हैं। इनके पास एयरपोर्ट्स हैं, टेलिकॉम हैं, अब रेलवे में जा रहे हैं। इनके पास हिंदुस्तान के धन की मोनोपॉली है। अगर आप कहो कि इनके बारे में नहीं बोल सकते तो ये हमें स्वीकार नहीं है। हमें तो बोलना है। राहुल की स्पीच में चक्रव्यूह के 6 किरदारों के जिक्र पर सत्तापक्ष के सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर ने उन्हें टोकते हुए कहा- जो सदन का सदस्य नहीं है, उसका नाम नहीं जाना चाहिए। इस पर राहुल ने कहा कि आप कहते हैं तो एनएसए, अंबानी और अडाणी का नाम निकाल देता हूं। फिर राहुल ने पूछा- क्या इन्हें ‚1‚2 कह सकता हूं।

नेता प्रतिपक्ष ने बजट की हलवा सेरेमनी का फोटो दिखाते हुए कहा कि इसमें एक भी आदिवासी, दलित या पिछड़ा अफसर नहीं दिख रहा है। 20 अफसरों ने बजट तैयार किया। आपने एक माइनॉरिटी और एक ओबीसी को रखा, बाकी को तो फोटो में आने ही नहीं दिया। देश में तकरीबन 73 फीसदी दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के लोग हैं, लेकिन इनको कहीं जगह नहीं मिलती।



## बिहार में कोटा बढ़ाने का फैसला अभी रद्द रहेगा

पटना। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पटना हाई कोर्ट के उस फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें बिहार सरकार के 65प्रतिशत आरक्षण देने के फैसले को रद्द कर दिया गया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट फैसले के खिलाफ बिहार सरकार की याचिका पर सुनवाई को तैयार हो गया है। इस पर सितंबर में सुनवाई होगी। राज्य सरकार ने शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में SC-ST, OBC और EBC को 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया था। इस फैसले को पटना हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने आरक्षण बढ़ाने के फैसले को 20 जून को रद्द कर दिया था।

## केशव बोले- सरकार नहीं, पार्टी चुनाव जीतती है

### योगी के आने से 2 मिनट पहले बैठक से निकले दोनों डिप्टी सीएम

**लखनऊ।** यूपी में सरकार और संगठन के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर भाजपा की ओबीसी कार्यसमिति की बैठक में पुरानी बात दोहराई। उन्होंने कहा- सरकार के बल पर चुनाव नहीं जीता जाता, पार्टी ही चुनाव लड़ती है और जीतती है।



दरअसल, पिछड़ा वर्ग को साधने के लिए भाजपा ने सोमवार को ओबीसी कार्यसमिति की बैठक की। इसमें सीएम योगी के अलावा दोनों डिप्टी सीएम केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक भी पहुंचे। लेकिन, योगी के आने से सिर्फ 2 मिनट पहले ही दोनों डिप्टी सीएम बैठक से निकल गए। हालांकि, लखनऊ में आज से शुरू हुए मानसून सत्र से पहले सीएम योगी ने विधायक दल की बैठक बुलाई। इसमें दोनों डिप्टी सीएम केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे।

इसके अलावा सीएम योगी ने जब विधानसभा के बाहर मीडिया को संबोधित किया, तब ही दोनों डिप्टी सीएम उनके साथ रहे। ये इसलिए काफी अहम है, क्योंकि पिछले कुछ समय से दोनों डिप्टी सीएम, योगी आदित्यनाथ से दूरी बनाते दिख रहे थे। लेकिन इसके कुछ देर बाद ही भाजपा की ओबीसी कार्यसमिति की बैठक में फिर सीएम और दोनों डिप्टी सीएम के बीच की दूरी सामने आ गई।

### केजरीवाल की जमानत पर फैसला सुरक्षितः सीबीआई ने हाईकोर्ट से कहा-

## दिल्ली सीएम शराब घोटाले के असली सूत्रधार, गिरफ्तारी के बिना जांच संभव नहीं थी

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट में सोमवार को अरविंद केजरीवाल की सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका और अंतरिम जमानत की याचिका पर सुनवाई हुई।

जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने आज भी इस मामले में फैसला सुरक्षित रखा है। सीबीआई की ओर से विशेष वकील डीपी सिंह पैरवी की। वहीं, केजरीवाल की ओर से एन हरिहरन और अभिषेक मनु सिंघवी दलीलें रखीं। सीबीआई ने कहा कि केजरीवाल ही दिल्ली शराब नीति केस के असली सूत्रधार हैं। उनकी गिरफ्तारी के बिना मामले की जांच नहीं की जा सकती थी। एक महीने के भीतर हमने चार्जशीट दाखिल कर दी।

दिल्ली हाईकोर्ट ने 17 जुलाई को सुनवाई में भी केजरीवाल की



गिरफ्तारी और अंतरिम जमानत की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा था। वहीं, सीबीआई ने केजरीवाल के खिलाफ स्पेशल सीबीआई कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है।

सीबीआई ने केजरीवाल को 26 जून को अरेस्ट किया था। कोर्ट ने केजरीवाल के अलावा मनीष सिसोदिया, BRS नेता के कविता समेत बाकी आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी 31 जुलाई तक बढ़ाई है।

वहीं, दिल्ली शराब नीति से जुड़े भ्रष्टाचार केस में 25 जुलाई को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई थी। इसमें कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ा दी थी। वहीं, ED के मनी लॉन्ड्रिंग केस में भी केजरीवाल 31 जुलाई तक जेल में ही हैं। ED ने उन्हें 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। उसके बाद राऊज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें कस्टडी में भेज दिया था। अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने 12 जुलाई को अंतरिम जमानत दी थी। जस्टिस संजीव खन्ना ने जमानत देते हुए कहा था कि केजरीवाल 90 दिन से जेल में हैं। इसलिए उन्हें रिहा किए जाने का निर्देश देते हैं। हम जानते हैं कि वह चुने हुए नेता हैं और ये उन्हें तय करना है कि वे मुख्यमंत्री बने रहना चाहते हैं या नहीं। जस्टिस खन्ना ने कहा था कि हम ये मामला बड़ी बेंच को ट्रांसफर कर रहे हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट बोला- रामदेव कोरोनिल का दावा वापस लें

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पतंजलि और बाबा रामदेव के खिलाफ डॉक्टरों की कई एसोसिएशन की तरफ से दाखिल याचिका पर फैसला सुनाया।



जस्टिस अनूप भंभानी की बेंच ने बाबा रामदेव को आदेश दिया है कि 3 दिन के अंदर टिप्पणी वापस लें, जिसमें उन्होंने कहा है कि पतंजलि आयुर्वेद की कोरोनिल सिर्फ इम्युनिटी बूस्टर नहीं, बल्कि कोविड-19 ठीक करने की दवा है। जस्टिस भंभानी ने कहा, मैंने पतंजलि, बाबा रामदेव और उनके प्रमोटरों को 3 दिनों में कुछ ट्वीट हटाने का निर्देश दिया है। यदि वे ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो सोशल मीडिया मीडिएटर इन ट्वीट को हटा देंगे। दरअसल, कोरोना महामारी के दौरान बाबा रामदेव ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद की कोरोनिल सिर्फ इम्युनिटी बूस्टर नहीं बल्कि कोविड-19 ठीक करने की दवा है। इसे लेकर डॉक्टरों की एसोसिएशन ने 2021 में बाबा रामदेव, उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ यह याचिका दाखिल की थी। डॉक्टरों ने पतंजलि के दावे के संबंध में अलग-अलग मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कोरोनिल से जुड़े बयानों को हटाने की अंतरिम राहत की मांग की थी।

## दिल्ली कोचिंग हादसा- 1 इंजीनियर टर्मिनेट, 1 सस्पेंड, 7 गिरफ्तार

### एक महीने पहले कोचिंग की शिकायत की गई, 2 रिमाइंडर भी दिए पर एक्शन नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राउ IAS कोचिंग सेंटर के बेसमेंट हादसे मामले में म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली (MCD) ने सोमवार को एक्शन लिया। एक जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त और एक असिस्टेंट इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया।

ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित इस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में शनिवार को बारिश के पानी में डूबकर 3 छात्रों की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले को लेकर आज सोमवार को 5 और लोगों को गिरफ्तार किया है। इस तरह अब तक कुल 7 लोग अरेस्ट हो चुके हैं। तीस हजारी कोर्ट ने आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक



हिरासत में भेज दिया है। इस बीच सोशल मीडिया पर एक स्क्रीनशॉट तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें लिखा गया कि हादसे से एक महीने पहले यानी 26 जून को ही इस बारे में MCD से शिकायत की गई थी, जिस पर कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद 2 रिमाइंडर भी दिए गए। बावजूद MCD ने कार्रवाई नहीं की।

आप मुख्यालय के पास भाजपा ने प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि MCD में आप का बहुमत है। मेयर भी आप का ही है। यह घटना MCD की लापरवाही के कारण हुई। कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए दिल्ली पुलिस ने वॉटर कैनन चलाई। इधर, आप कार्यकर्ताओं ने LG सचिवालय के बाहर भाजपा और MCD कमिश्नर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा- MCD कमिश्नर की नियुक्ति गृह मंत्रालय करता है। कमिश्नर की लापरवाही के कारण जलभराव हुआ और स्टूडेंट्स की मौत हुई। कोचिंग सेंटर के पास स्टूडेंट भी प्रदर्शन कर रहे हैं।

# गुप्ता बने चौथी बार मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जौरा ब्लॉक अध्यक्ष

**मुरैना (चम्बल नवराष्ट्र)।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ,भदोरिया के निर्देशन पर संघ के जिला अध्यक्ष रामशरण शर्मा की मौजूदगी में जौरा ब्लॉक इकाई की बैठक में विजय गुप्ता को सर्वसम्मति से चौथी बार अध्यक्ष एवं चंद्र मोहन शर्मा को महासचिव चुना गया 29 जुलाई को जौरा में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष रामशरण शर्मा एवं प्रशांत शर्मा ने पहुंचकर ब्लॉक इकाई की बैठक स्थित एस ए एफ ग्राउंड प्रांगण में ली गई बैठक में संगठन की चल रही गतिविधियों को लेकर जिला अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को अवगत भी कराया वही ब्लॉक इकाई के नवीन अध्यक्ष एवं महासचिव पद के लिए सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश पाराशर एवं मोहर सिंह यादव ने विजय गुप्ता एवं चंद्र मोहन शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा गया जिसे सभी सदस्यों ने एक राय और सहमति के बाद जिला अध्यक्ष शर्मा द्वारा उनके निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की गई गुप्ता एवं शर्मा के निर्वाचन पश्चात सभी पत्रकार साथियों ने फूलमालाओं से गुप्ता एवं शर्मा का स्वागत भी करते हुए उन्हें बधाई भी दी इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि निश्चित रूप से जो दायित्व गुप्ता और शर्मा को मिला है



उसे वह अपनी मेहनत से संगठन को और अधिक सक्रिय तथा मजबूती प्रदान करेंगे वही विजय गुप्ता एवं चंद्र मोहन शर्मा ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया दादा राजकुमार दुबे उपेंद्र गौतम राधा कृष्ण सिंहल घनश्याम दंडोतिया रामशरण शर्मा प्रशांत शर्मा सहित सभी वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया है बैठक में जयप्रकाश पाराशर मोहर सिंह यादव गौरीशंकर गुप्ता एलएन त्यागी सौरभ गुप्ता सुनील गोयल अजीत धाकड़ राहुल गुप्ता सुनील कुशवाह आदि पत्रकार साथी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन,एलएन त्यागी ने किया आभार नवनियुक्त महासचिव चंद्र मोहन शर्मा ने व्यक्त किया

# ज्योती मोटर्स मुरैना के स्टाफ ने किया डॉ जनक सिंह कुशवाह का सम्मान



**मुरैना (चम्बल नवराष्ट्र)।** शासकीय नेहरू महाविद्यालय सबलगढ़ में पदस्थ असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ जनक सिंह कुशवाह को ज्योती मोटर्स मुरैना के प्रो उमेश यादव और स्टाफ के द्वारा अपने वर्क शॉप पर सम्मानित किया गया। उनका यह सम्मान काठमांडयू नेपाल से पहलीबार मध्य प्रदेश की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में ग्लोबल एक्सीलेंस टीचिंग अवॉर्ड लाने की खुशी में किया गया है।

सम्मान करते हुए समस्त स्टाफ ने डॉ जनक सिंह कुशवाह को बधाई दी। इस से पूर्व डॉ कुशवाह जम्मू कश्मीर , सिमिला, आगरा, जयपुर , न्यू दिल्ली, दुबई से भी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में अवॉर्ड ले चुके हैं।

# गैर संचारी रोगों पर आशाओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**श्योपुर (चम्बल नवराष्ट्र)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से मध्यप्रदेश विज्ञान सभा द्वारा आयोजित आशा प्रशिक्षण का आयोजन श्योपुर जिले मे किया जा रहा है जिसके तहत 25 से 29 जुलाई 2024 में पॉच दिवसीय आवासीय एन सी डी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें कराहल बडौदा विजयपुर व्लॉक की, 27आशाओं ने भागीदारी की गई। प्रशिक्षण मे जिला प्रशिक्षक बीरेन्द्र कुमार पाराशर योगेन्द्र पाराशर सोनाली सक्सैना द्वारा माड्यूल के आधार पर शैड्यूल के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण मे आशाओं को गैर संचारी रोग उच्च रक्तचाप मधुमेह मुंह का कैसर स्तन कैसर एवम् बच्चेदानी के मुंह के कैसर पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के



समापन में जिला कम्युनिटी मोवलाइजर अमित श्रीवास बिशेष रूप से उपस्थित रहें। समापन के अवसर पर डी सी एम द्वारा आशाओं से सम्बाद कर उनकी अपने क्षेत्र की समस्याओं को जाना और समझा। साथ ही उन्होंने वताया कि हमें अपने गाँव के लोगों को स्वस्थ रखने हेतु स्वास्थ्य सुविधाओं को जन जन तक पहुंचाना है समापन के अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी आशीष पारे द्वारा सभी आशा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। प्रशिक्षण मे प्रशिक्षण सहयोगी रूचि का सराहनीय सहयोग रहा।

## आंगनबाडी कार्यकर्ताओ को नोटिस जारी

**श्योपुर।** परियोजना अधिकारी कराहल श्री नितिन मित्तल द्वारा सघन वजन अभियान के तहत आंगनबाडी केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान कार्य में लापरवाही पाये जाने पर 4 आंगनबाडी कार्यकर्ताओ को नोटिस जारी किये गये है। भ्रमण के दौरान पर्यवेक्षक श्रीमती सुषमा सोनी उपस्थित थी।

सघन वजन अभियान के तहत आम का सहराना, शंकरपुर ए, शंकरपुर बी, पनवाडा ए और बी के आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चो का वजन और लम्बाई क्रॉस चेक की गई तथा आंगनबाडी केन्द्र का व्यवस्थित संचालन नही पाये जाने पर आम का सहराना आंगनबाडी कार्यकर्ता श्रीमती शशि शर्मा, श्रीमती सुधा तोमर, श्रीमती कृष्णा शर्मा, श्रीमती शकुन्तला शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है।

# शिव मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुए शिव भक्तगण

**जौरा (चम्बल नवराष्ट्र) ।** जौरा भगवान शिव को समर्पित सावन माह के दूसरे सोमवार को भरनी एवं कृतिका नक्षत्र में भक्तों ने शिव मंदिरों में भोले बाबा की पूजा अर्चना कर अभिषेक भी किया 31 जुलाई को सावन माह के दूसरे सोमवार को ओम श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर सहित क्षेत्र के अन्य सभी शिवालयों में भक्तगणों ने धतूरे बेलपत्र फूल दूध दही शहद गंगाजल के साथ शिव भगवान की पूजा अर्चना कर अभिषेक की सावन माह के इस पवित्र महीना हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार वैसे तो खास होता है लेकिन उससे कई गुना अधिक महत्व इस माह में सोमवार का माना गया है सावन माह के दूसरे सोमवार को प्रात: से ही ओम श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों में भक्तगणों की भीड़ का नजारा था मंदिरों में अभिषेक के लिए तो कई



भक्तों को तीन से चार घंटे इंतजार भी करना पड़ा हनुमान चौराहे पर स्थित शिव हनुमान मंदिर में भी प्रात: से ही महिला भक्तों की भीड़ काफी अच्छी गई शिवलिंग पर दूध दही शहद एवं गन्ने के रस के साथ अभिषेक किए गए वही 400 वर्ष से अधिक प्राचीन कुरावली रोड पर स्थित रूंध वाले महादेव मंदिर पर भी सुबह से लेकर देर रात तक भक्तगण अभिषेक एवं पूजा अर्चना करते हुए देखे गए इस शिवालय की खास बात यह है कि शिवलिंग पर ही बेहद छोटे-छोटे अक्षरों में 101 शिवलिंग भी बने हुए हैं जो अपने आप में इसके प्राचीन होने का प्रमाण भी है दूसरे सोमवार को शिवालयों में पूजा अर्चना के पश्चात पुरुष एवं मेला भक्तों द्वारा भजन कीर्तन के बाद प्रसादी का वितरण किया गया।

# जमीनी विवाद के चलते दबंगों ने आदिवासी महिला के घर पर की फायरिंग,एक महिला गम्भीर घायल

**विजयपुर (चम्बल नवराष्ट्र)।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में जमीनी विवाद पर दबंगों ने आदिवासी परिवार पर फायरिंग कर दी। इस घटना में परिवार की एक महिला के पैर में गोली के छर्रे लगने से घायल हो गई। उसे गंभीर हालत में विजयपुर अस्पताल से ग्वालियर रेफर किया गया है। घटना विजयपुर थाना इलाके की अंबेडकर नगर कॉलोनी के पास की है।मिली जानकारी के अनुसार घायल महिला का नाम जसोदा बाई आदिवासी है। बताया जा रहा है कि हत्या के इरादे से देर रात आरोपी महिला के घर पहुंचे थे। इस दौरान अचानक अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना में महिला के पैर में गोली लगी है। जिसका गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। वारदात को



अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची विजयपुर थाना पुलिस ने मामले की जांच भी शुरू कर दी है। पीड़ित आदिवासी महिला ने दबंगों पर आए दिन घर में आकर धमकाने का आरोप लगाया है।

### इनका कहना है

हमे जैसे ही सूचना मिली तो पुलिस बल मौके पर पहुँचा वही घायल महिला को अस्पताल भेजकर , महिला की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियो की तलाश शुरू कर दी है

**पप्पू यादव**
**थाना प्रभारी विजयपुर**

## भारतीय डाक विभाग की दुर्घटना पॉलिसी में 10 लाख तक का क्लेम

**श्योपुर।** भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना पॉलिसी जारी की है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना मृत्यु स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जायेगा।

दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी। अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में 60 हजार रुपये के अतिरिक्त 10 दिनों तक एक हजार रुपए भी प्रतिदिन दिए जाएंगे।

# स्कूल चले हम - 31 जुलाई तक स्कूलों में ले सकेंगे दाखिला

**श्योपुर।** नर्सरी से पहली कक्षा में होने वाले प्रवेश नियमों में शिथिलता कर दी गई है। प्रवेश के समय बच्चों की आयु की गणना का निर्धारण जिन तिथियों से किया जा रहा था, अब उनमें बदलाव किया गया है।

लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार अब 31 जुलाई तक 3 साल या इससे अधिक की आयु होने पर बच्चों को नर्सरी से लेकर केजी 2 तक की कक्षाओं प्रवेश दिया जाएगा। इसी तरह पहली कक्षा में प्रवेश के लिए आयु की गणना अब अप्रेल की बजाए 30 सितंबर से की जाएगी। इसका फायदा हजारों बच्चों को मिलेगा, जिनकी आयु अधिक भी हैं तो वह प्रवेश से वंचित नहीं हो सकेंगे। नई शिक्षा नीति के तहत नर्सरी, केजी-1 और केजी 2 और कक्षा पहली में प्रवेश को लेकर 1 अप्रैल 2024 से से शिक्षा सत्र शुरु होता था। नई शिक्षा नीति के तहत अप्रैल से ही स्कूल खुलने लगे हैं। इस कारण बच्चों के प्रवेश को लेकर उम्र का बंधन सामने आ रहा था। जिसमें अब संशोधन कर दिया गया है। स्कूलों में प्रवेश के लिए आयु की गणना निर्धारित की जा रही थी। इस तिथि के कारण कई बच्चों के प्रवेश को लेकर समस्याएं आ रही थी। लेकिन अब प्रवेश के लिए नर्सरी, केजी और केजी 2 को लेकर 31 जुलाई 2024 और कक्षा पहली के लिए 30 सितंबर 2024 से आयु का निर्धारण किया जाएगा। इस व्यवस्था से अब बच्चों को उनकी आयु के हिसाब से प्रवेश मिल सकेगा। 3 साल से अधिक उम्र होने पर नर्सरी, केजी 1 या केजी 2 में प्रवेश मिलेगा।

दैनिक चम्बल नवराष्ट्र
भोपाल, मंगलवार 30 जुलाई 2024



# नकली नोट बनाने का कारखाना क्राइम ब्रांच ने पकड़ा, दो गिरफ्तार

## आरोपी 50,100, 200, 500 के नकली नोट बनाकर मार्केट में खपा रहे थे, 2 लाख 4 हजार 450 रुपए के नकली नोट बरामद

ग्वालियर। क्राइम ब्रांच के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने जनकगंज क्षेत्र में चल रही नकली नोट बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है। गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर 2 लाख 4 हजार 450 रुपए के नकली नोट बरामद किए हैं। साथ ही 18 हजार रुपए के आधे बने नकली नोट बरामद हुए हैं। इसके अलावा नोट बनाने में लगने वाली सामग्री, डाई, कलर, स्कैनर, प्रिंटर के साथ ही बटर पेपर मिला है जिस पर नोट के प्रिंट किया जा रहा था। पकड़े गए दोनों आरोपियों पर धोखाधड़ी से लेकर बाइक चोरी के गई आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह छह महीने से ज्यादा समय तीन से चार लाख रुपए नकली मार्केट में खपा चुके हैं।



एएसपी क्राइम आयुष गुप्ता एवं डीएसपी क्राइम नागेन्द्र सिंह सिकरवार ने बताया कि जनकगंज क्षेत्र के जागृति नगर स्थित एक मकान में नकली नोट बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई है। पुलिस ने दो आरोपियों अंसार अली पुत्र फुंदन अली उम्र 27 साल निवासी ग्राम ऐंतार थाना पावई जिला भिण्ड हाल अतुल वर्मा का मकान जागृति नगर लक्ष्मीगंज और अशोक माहौर पुत्र सीताराम माहौर उम्र 36 साल निवासी ददरौआ जिला भिण्ड हाल त्रिलोक कुशवाह का मकान जागृति नगर लक्ष्मीगंज को पकड़ा है। पुलिस ने मौके से 50, 100, 200 एवं 500 के नकली नोट कीमत 2 लाख 4 हजार 450 रूपये बरामद किये हैं। डीएसपी क्राइम नागेन्द्र सिंह सिकरवार ने बताया कि क्राइम ब्रांच पुलिस को सूचना मिली थी कि जनकगंज थाना क्षेत्र के जागृति नगर में एक किराए का कमरा लेकर कुछ लोग नकली नोट छापने का काम कर रहे हैं। सूचना की तस्दीक के लिए क्राइम ब्रांच की एक टीम रैकी करने के लिए लगाई गई तो मुखबिर के द्वारा बताई गई बात सही साबित हुई। इसके बाद पहले से तैयार क्राइम ब्रांच की एक टीम ने उस मकान पर छापामार कार्रवाई की। जब पुलिस कमरे के अंदर दाखिल हुई तो पुलिस की आंखें फटी की फटी रह गईं। कमरे में नकली नोट बिखरे पड़े थे और छापने का काम दो लोगों के द्वारा किया जा रहा था। पुलिस ने सबसे पहले दोनों युवकों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अंसार अली और अशोक माहौर के रूप में हुई। पुलिस ने जब उनको थाना लाकर पूछताछ की तो नकली नोट मार्केट में खपाने के बड़े रैकेट का खुलासा हुआ है।

नकली नोट बनाने वाले गिरोह के सदस्य अंसार अली, अशोक माहौर ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि छह महीने पहले ही उन्होंने यह कमरा किराए पर लिया था। उनका मकसद था कि वह यहां से ही पूरे शहर व आसपास के शहरों में नकली करेंसी को चला सकें। आरोपियों के रूम से पुलिस ने 50, 100, 200 व 500 रुपए के नकली नोट मिले हैं। आरोपियों के रूम से कुल 2 लाख 4 हजार 450 रुपए के नकली नोट मिले हैं।

## सुरक्षित और संतुलित पर्यावरण के लिये पौधरोपण जरूरीः विधायक डॉ. सिकरवार

ग्वालियर। सुरक्षित और संतुलित पर्यावरण के लिये पौधरोपण जरूरी है, पौधरोपण करना ही पर्याप्त नही है। पौधो की देखभाल और इन्हे जरूरत के अनुसार खाद्य और पानी मिले। इसका भी ध्यान रखना होगा। यह बात 16 ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आज वार्ड क्रमांक 25 में 6 नम्बर चैराहा से जडेरूआ मार्ग तक आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में कही। इस मौके पर बडी संख्या में पौधो का रोपण किया गया। विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि आज दुनिया में बिगडे पर्यावरण के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। जीवन की सांसे सुरक्षित करने के लिये आज बृहद स्तर पर पौधरोपण करने की जरूरत है। उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों से आव्हान किया कि जितने भी पौधे हमने और आपने रोपे है, उनकी देखभाल जरूर करें। साथ ही पौधरोपण जैसे कार्यक्रमों में युवा वर्ग को जोडने पर भी जोर दिया।

## विकलांग प्रकोष्ठ आज कलेक्टर रुचिका चौहान को करेगा सम्मानित- जौहरी



जिलाधीश श्रीमती रुचिका चौहान को मंगलवार दिनांक 30 जून 2024 को न्यू कलेक्ट्रेट में होने वाली जनसुनवाई के दौरान विकलांग जन अपने प्रतिनिधि वरिष्ठ समाजसेवी अनूप जौहरी जी के नेतृत्व में सम्मानित

ग्वालियर ( चम्बल नवराष्ट्र ) । विगत रोज रविवार को फूलबाग मैदान के पास बने सुलभ शौचालय के सामने शहर जिला कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ की एक अहम बैठक जिला संयोजक अनूप जौहरी जी की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें उपस्थित सभी विकलांग भाईयो की सहमती से विकलांग जनों के प्रती संवेदनशील एवं नेक दिल करने के साथ ही जौहरी जी के द्वारा विकलांग जनों के नेतृत्व में जिलाधीश श्रीमती रुचिका चौहान को दो सूत्रिए ज्ञापन भी दिए जाने का निर्णय आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। इस आयोजित बैठक में रामदास रजक, ज्ञान सिंह कुशवाह, बंटी श्रीवास, कपिल राठोर , निहाल सिंह, धर्मेन्द्र बाथम, वासुदेव किरार, भारत कुशवाह, आदि उपस्थित थे।

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने स्कूलों और बाल संस्थाओं का किया निरीक्षण

ग्वालियर । म.प्र. बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनुराग पाण्डे ने गत दिवस जिले के विभिन्न विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और बाल देख-रेख संस्थाओं का निरीक्षण किया। सदस्यश्री पाण्डे द्वारा सर्वप्रथम रामकृष्ण विद्या मंदिर गोविन्दपुरी का निरीक्षण किया गया और विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें बाल अधिकारों एवं 1098 चाइल्ड लाईन के महत्व के विषय में बताया गया। साथ ही किसी भी अप्रिय स्थिति में बाल अधिकार आयोग में शिकायत दर्ज करने को कहा। इसके बाद उन्होंने मुरार स्थित सेंट पॉल स्कूल का निरीक्षण किया एवं वहां फुटबॉल खेल रहे विद्यार्थियों को खेल के दौरान सावधानियाँ बरतने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने बारादरी के महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय की छात्राओं से बालिका शिक्षा और अधिकारों पर संवाद किया।

## अमृत परियोजना 2.0 के तहत नगर पालिका एवं नगर परिषद की डीपीआर बनाने का कार्य तेजी के साथ किया जाएः कलेक्टर

ग्वालियर । अमृत परियोजना 2.0 के अंतर्गत नगर निगम ग्वालियर द्वारा वीरपुर बांध के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जायेगा। यह कार्य लगभग 5 करोड़ रूपए की लागत से होगा। इसके साथ ही ग्वालियर जिले के नगर पालिका डबरा में योजना के तहत सीवरेज स्कीम और बिलौआ, पिछोर, भितरवार, मोहना नगर परिषद में भी अमृत परियोजना के तहत कार्य किया जाना है। इसकी डीपीआर तैयार की जायेगी। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की अध्यक्षता में अमृत परियोजना 2.0 की सोमवार को समीक्षा बैठक हुई।



कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि ग्वालियर जिले की नगर पालिका एवं नगर परिषद में अमृत परियोजना के तहत जो डीपीआर तैयार की जाना है, उसके संबंध में विस्तृत सर्वे एवं मैदानी हकीकत को शामिल करते हुए परियोजना तैयार की जाए। इसके साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही परियोजना के संबंध में विस्तार से चर्चा की जाए। विधायक भितरवार मोहन सिंह राठौर ने बैठक में कहा कि नगर पालिका डबरा, बिलौआ, पिछोर व भितरवार के साथ मोहना नगर परिषद में अमृत परियोजना के तहत जो कार्य किया जाना है उसकी डीपीआर पूरी सावधानी के साथ बनाई जाए, ताकि कोई क्षेत्र छूटे नहीं। इसके संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर और उनके सुझाव लेकर परियोजना में शामिल किए जाएं। डबरा विधायक सुरेश राजे ने भी डबरा में सीवरेज स्कीम का कार्य तत्परता से कराने का आग्रह किया। निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने अमृत परियोजना 2.0 के अंतर्गत वीरपुर बांध के सौंदर्यीकरण के संबंध में तैयार की गई परियोजना का प्रजेण्टेशन दिया और विस्तार से जानकारी दी।

## सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में लगी भक्तों की भीड़

ग्वालियर। सावन के दूसरे सोमवार पर सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ दर्शनों के लिये लगी हुई थी। शहर के प्रमुख शिवालय अचलेश्वर, कोटेश्वर व गुप्तेश्वर पर सुबह 4 बजे से भक्तों की लाइन लगना शुरू हो गई थी। बाबा अचलनाथ की एक झलक पाने के लिए लोग धूप और उमस के बीच लाइनों में खड़े नजर आये। बाबा के भक्तों ने बिल्व पत्र, फूल, दूध, दही, घी एवं जल से भगवान का अभिषेक कर मन्नत मांगीं। अचलनाथ (अचलेश्वर मंदिर), कोटेश्वर महादेव व गुप्तेश्वर मंदिर पर रात 12 बजे ही भक्तों के लिए मंदिर के पट खोल दिए गए थे। कांवड़ लेकर आने वालों के लिए हर मंदिर पर अलग से इंतजाम किए गए हैं। दोपहर में मुरार मदन मोहन मंदिर से बाबा महाकाल की शोभायात्रा निकली, जो पूरे बाजार में भ्रमण कर वापस मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का स्थान स्थान पर



पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

बाबा अचलनाथ का स्वयंभू शिवलिंग लश्कर में अचलेश्वर मार्ग पर स्थित है। सावन के दूसरे सोमवार को काफी भीड़ रही। रात 12 बजे ही मंदिर के पट भक्तों के लिये खोल दिए गए थे। सुबह से सड़कों पर भक्तों की लाइनें लगी नजर आई। सुबह-सुबह बाबा अचलनाथ का गंगाजल से अभिषेक किया गया। वहीं किले की तलहटी में स्थित कोटेश्वर महादेव पर सावन के दूसरे सोमवार को सुबह से भीड़ लगी रही। भक्तों ने कोटेश्वर महादेव का बिल्व पत्र, फूल, दूध, दही, घी एवं जल से अभिषेक किया। इसी प्रकार मजिस्ट्रेट महादेव के नाम से मशहूर मंदिर गिरगांव में स्थापित है। यहां हर सोमवार को महादेव मजिस्ट्रेट की भूमिका में आकर विवादों का निपटारा करते हैं। सावन के दूसरे सोमवार को भी यहां मेला लगा। गुप्तेश्वर मंदिर के दर्शन करने के बाद चकलेश्वर मंदिर भी भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। सावन के पूरे महीने में यहां भक्तों का आना जाना लगा रहता है।

## अपराधों के निकाल को अनावश्यक लंबित रखना गंभीर बात, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगीः एसपी धर्मवीर सिंह

ग्वालियर। अपराधों के निकाल को अनावश्यक लंबित रखना गंभीर बात है इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, पुराने लंबित प्रकरणों के निकाल के लिये गंभीरता से प्रयास किये जाने की जरूरत है। यह बात पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने रविवार को लंबित अपराधों की समीक्षा बैठक में कहीं।



श्रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने थानावार लंबित गंभीर अपराधों जिसमें हत्या, हत्या का प्रयास, बलात्कार की समीक्षा की और उनके लंबित रहने का स्पष्ट कारण जाना तथा उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने लंबित अपराधों की थाना स्तर पर नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी थाना प्रभारियों को दिये और कहा कि लंबित अपराधों का समयसीमा में निकाल कर न्यायालय में चालान पेश किया जाए। पुलिस अधीक्षक समीक्षा बैठक के दौरान ने जिले में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये प्रभावी चेकिंग करने हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अनावश्यक रूप से लंबित हत्या, हत्या का प्रयास, महिला संबंधी अपराधों एवं एससी एसटी के अपराधों के निराकरण के लिये यथासंभव ईमानदारी से प्रयास किये जाए और प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर टीम बनाकर प्रभावी कार्यवाही की जाये।

समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधों के निकाल को अनावश्यक लंबित रखना गंभीर बात है इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, पुराने लंबित प्रकरणों के निकाल के लिये गंभीरता से प्रयास किये जाने की जरूरत है।

## संपादकीय

# अग्निपथ विवाद

सेना में अल्पकालिक सेवा के लिए दो वर्ष पूर्व लायी गई अग्निपथ योजना लगातार विपक्षी दलों के निशाने पर रही है। समय-समय पर सेवानिवृत्त रक्षा अधिकारियों ने सशस्त्र बलों में अल्पकालिक भर्ती प्रक्रिया की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस योजना के विरोधाभासी मुद्दों को चिन्हित किया है। सवाल इस बात को लेकर उठाये जाते रहे हैं कि कुल अग्निवीरों के पच्चीस फीसदी को भी स्थायी कैडर में शामिल किया जाएगा। जबकि देश में प्रचुर संख्या में जनशक्ति उपलब्ध है। हाल ही में अग्निवीरों के कथित तौर पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने की भी चिंताजनक घटनाएं सामने आई हैं। ऐसे ही सेवा मुक्त होने के बाद रंगरूटों के पथ से भटकाव की आशंकाएं बनी रह सकती हैं। कुछ दिग्गजों ने तो यहां तक कहा है कि सेना की पूर्व निर्धारित भर्ती प्रणाली के साथ छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। दरअसल, सैन्य वर्ग के भीतर असहमति के अलावा, अग्निपथ योजना राजनीतिक क्षेत्र में भी खासा विवाद का विषय बना हुआ है। पिछले दिनों कारगिल विजय दिवस पर अपने संबोधन में, प्रधानमंत्री ने न केवल इस योजना का जोरदार ढंग से बचाव किया, बल्कि विपक्षी दलों पर भी भर्ती प्रक्रिया पर राजनीति करने का आरोप लगाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अग्निपथ का उद्देश्य सेनाओं को युवा व फिट बनाना है। उन्होंने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया कि यह पहल पेंशन के पैसे बचाने के लिये की गई थी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल इस योजना को लगातार निशाने पर लेते रहे हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी दलों ने इस योजना को रद्द करने की मांग की है। इतना ही नहीं, सत्तारूढ़ राजग गठबंधन में शामिल सहयोगी दल जनता दल युनाइटेड ने भी इस योजना की व्यापक समीक्षा की मांग सरकार से की है। निस्संदेह, सरकार अग्निपथ योजना को लेकर उठ रही आवाजों को यूं ही नजरअंदाज नहीं कर सकती। आशंका जतायी जा रही है कि सेनाओं से जुड़े मुद्दों पर आम सहमति की कमी सशस्त्र बलों की युद्ध की तैयारियों को प्रभावित कर सकती है। कई भाजपा शासित राज्यों ने पुलिस जैसी वर्दीधारी सेवाओं में नौकरियों में अग्निवीरों के लिये आरक्षण या प्राथमिकता की घोषणा की है। लेकिन ये कदम विरोधियों को चुप कराने के लिये पर्याप्त नहीं हो सकता है। केंद्र सरकार को इस योजना को लेकर मिल रही प्रतिक्रिया को गंभीरता से लेना चाहिए। साथ ही योजना से जुड़ी विसंगतियों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। निस्संदेह, इस मुद्दे पर अड़ियल रवैये की प्रतिक्रिया भविष्य में भी हो सकती है। जैसा कि केंद्र सरकार द्वारा लाये गए तीन कृषि कानूनों के लागू होने के बाद विरोध प्रदर्शन सालभर चले थे। सरकार को गहनता से इस मुद्दे पर मंथन करना चाहिए। यह निर्विवाद सत्य है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सैनिकों के मनोबल को लेकर कोई प्रयोग नहीं किये जा सकते। देश के सत्ताधीशों को राजनीतिक बड़बोलेपन से परहेज करना चाहिए।

# शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र की अनदेखी

**ज्योति मल्होत्रा**

शुक्रवार के दिन कारगिल विजय स्मृति स्मारक पर आयोजित समारोह के टेलीकास्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खड़े देखा, जैतूनी हरे रंग के बंद-गला कोट और हल्के भूरे लेंस का रंगीन चश्मा लगाकर खूब जंच रहे थे, अपने संबोधन में उन्होंने पाकिस्तान द्वारा सीमा पारीय आतंकवाद को निरंतर शह और मदद देते रहने के लिए लताड़ाङ्क कारगिल युद्ध हुए 25 साल गुजर गए, स्पष्टत: कुछ चीजें बिल्कुल नहीं बदलीं।



लेकिन यहां चंडीगढ़ में, बजट दस्तावेज बांचने का काम हमारा इंतजार कर रहा था। एक बारगी लगा कि 'स्वास्थ्य' और 'शिक्षा' वाले हिस्से इससे गायब हैं। हो सकता है, रिसकर उस भाग में चले गए हों जो शेयर मार्केट में निवेश पर अर्जित मुनाफे पर कर की बाबत हैङ्क वह एक कैटेगरी, जिस पर हफ्ते के शुरू में पेश बजट के बाद से भारतीय शेयर मार्केट के दीवानों ने सावधानी से नजर रखी। गौरतलब है कि जिस क्षण सुश्री सीतारमण ने कर लगाने की बात कही, बाज़ार की प्रतिक्रिया कुछ गुस्से भरी दिखी। लेकिन हर कोई जानता है कि मंगलगिरी साड़ी पहने शांत छवि वाली निर्मला दृढ़ इच्छाशक्ति संपन्न महिला हैं, वे वहां पहुंच रही हैं, जहां कोई फरिश्ता और यहां तक कि पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम भी जाने का साहस न करते। उन पर 'रोलबैक वित्त मंत्री' का ठप्पा लगने से रहा।

इससे हमारे लिए एक अन्य सवाल उठ खड़ा होता है : अपना पुनर्गठन, परिवर्तन और आधुनिकीकरण किए जाने को तरस रहे स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र को निर्मला सीतारमण ने क्योंकर नज़रअंदाज़ किया? पुरुष वर्चस्व वाली राजनीतिक पार्टी में इतने उच्च स्तर पर पहुंचना, उससे पहले जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी से शिक्षा प्राप्त निर्मला ने भूसे से गेहूं के दाने अलग करना या फिर बुरे और अच्छे व्यवहार बीच फर्क करने की कला अच्छी तरह सीख ली थी (मसलन, अपनी पूर्व मंत्रिमंडल सहयोगी स्मृति ईरानी की तरह वे अपने मातहत अफसरों पर फाइलें फेंककर नहीं मारती, जैसा कि मानव संसाधन मंत्री रहते हुए उन्होंने कथित तौर पर किया)। इसके अधिक, वे डाटा की कद्र है, भले ही यह साफ तौर पर छिपाने की गर्ज से हो।

उदाहरण के लिए उन्हें मालूम है कि बजटीय अनुमान और संशोधित अनुमान के बीच तुलना करना नितांत गलत है, क्योंकि ये दोनों अलग चीज़ें हैं ङ्कपहले वाला, अनुमानित खर्च की बाबत है तो दूसरा वास्तव में किए जाने वाले खर्च के बारे में है। इसलिए, पिछले साल के बजटीय अनुमान और मौजूदा साल के संशोधित अनुमानों की तुलना के आधार पर यह कहना एकदम गलत है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए रखे धन में 12 फीसदी इजाफा किया गया है। यह सेब की तुलना संतरे से किए जाने जैसा है।

सही चीज़ होती, मौजूदा और पिछले साल के बजटीय अनुमानों के बीच तुलना करना। पिछले साल के लिए यह 89,155 करोड़ रुपये था जो मामूली बढ़ोतरी (1,803.63 करोड़) अर्थात 1.98 फीसदी वृद्धि के साथ इस साल 90,958.63 करोड़ रुपये किया गया। इसके अलावा, जहां राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए खर्च में बढ़ोतरी शोचनीय 1.16 फीसदी है वहीं प्रधानमंत्री जनऔषधि योजना में इजाफा महज 1.4 प्रतिशत है। जबकि इसके लाभार्थी वे 55 करोड़ लोग हैं, जिनका हिस्सा कुल जनसंख्या का लगभग 40 फीसदी है उपरोक्त वर्णित दोनों योजनाएं वर्ष 2018 में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा शुरू की गयी आयुष्मान भारत नामक अग्रणी स्वास्थ्य परियोजना का मुख्य अवयव हैं। तो बजटीय प्रावधान में राशि में की गई इस नगण्य बढ़ोतरी के बूते किस तरह 2025 तक देश से टीबी का खात्मा करने का लक्ष्य पूरा हो पाएगा या सब बच्चों में रोग-प्रतिरोधकता बनाना या फिर लड़कियों एवं महिलाओं में गर्भाशय कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी वैक्सीन जारी करने का ध्येय कैसे पूरा होगाङ्क जबकि फरवरी माह में पेश अंतरिम बजट में अंतिम हेतु वादा किया गया था?

फिर यहां कोरा सच है। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बजटीय खर्च पहले की भांति जीडीपी का महज 1.9 प्रतिशत बना हुआ है, यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017 में तय किये गए लक्ष्य यानी 2.5 प्रतिशत वृद्धि से काफी कम है। कोविड-19 महामारी, जिसमें भारत को बहुत जान-माल का भारी नुकसान हुआ (आधिकारिक तौर पर मरने वालों की संख्या 5,32,000 बताई गई) के बाद लगता था कि जरूर इससे कुछ सबक लिए होंगे। इसलिए, सीखने से मोदी सरकार को इंकार क्यों?

शिक्षा क्षेत्र का आलम भी कुछ अलग नहीं है। पिछले साल के लिए बजटीय अनुमान 1,12,899.47 करोड़ रुपये था, जो इस साल मामूली बढ़ोतरी (7,728.4 करोड़) के साथ 1,20,627.87 करोड़ रुपये किया गया। आर्थिक सर्वे के मुताबिक, जीडीपी के अंश के तौर पर शिक्षा के लिए रखा फंड दरअसल 2.8 प्रतिशत से घटकर 2.7 फीसदी होने के साथ वर्ष 2010 के स्तर पर जा पहुंचा है (जबकि यूनेस्को द्वारा तय वैश्विक मानक 4-6 प्रतिशत है)। आपको हैरानी नहीं होनी चाहिए कि चीन अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.3 फीसदी शिक्षा क्षेत्र पर लगाता हैङ्कदुनिया की बेहतरीन यूनिवर्सिटियों को अपनी शाखाएं चीन में खोलने का वह स्वागत करता हैङ्क और तो और अफगानिस्तान तक ने वर्ष 2020 में शिक्षा क्षेत्र के लिए जीडीपी का 2.8 प्रतिशत अंश रखा था (हालांकि तालिबान द्वारा तख्ता पलट के बाद से ऐसा नहीं है), अवश्य ही नयी दिल्ली में कहीं न कहीं कुछ तो गड़बड़ है।

इस सवाल का स्पष्ट उत्तर कि भारत के राजनीतिक वर्ग को क्यों इस बात की परवाह नहीं है कि देश का बच्चा शिक्षित है या नहीं, सेहतमंद है या नहींङ्क इसका जवाब निजी क्षेत्र के जरिये दिया है। ये दोनों मूलभूत सुविधाएं पाने को लोगों की जेब से होने वाले खर्च में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। नए भारत में, यदि आपके पास पैसा है, तो सर्वश्रेष्ठ अस्पताल, स्कूल और कॉलेज वहन कर सकते हैं ङ्कलेकिन यदि ऐसा नहीं कर सकते, तो आप दुर्दशा के लिए अभिशप्त हैं।

जिन दो देशों ने इनकी अहमियत को सही ढंग से समझा, उनमें एक था पूर्व सोवियत संघङ्क जिसका उत्तराधिकारी अब रूस है ङ्क और दूसरा है चीन। दोनों की आलोचना वामपंथी राष्ट्र कहकर करना आसान है कि लोकतंत्र में आप बहस कर सकते हैं लेकिन वामपंथी व्यवस्था अधिनायकवादी होती है ङ्क मानो जब बात आपके बच्चे के लिए शिक्षा के इंतजाम की आए तो इसे बहाना बनाकर इस्तेमाल कर लो।

तथ्य है कि रूस और चीन ने समझ लिया कि शिक्षित राष्ट्र होने के लिए सब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना आवश्यक है, न कि सिर्फ उन्हें जो कुलीन वर्ग से हैंङ्क इसके लिए समूचे देश में आगाज़ एकदम शुरुआती स्तर से करना है यानि प्राथमिक विद्यालयों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को समुचित धन मुहैया करवाकर। भारत के दक्षिणी राज्यों ने इससे सबक जल्दी ले लिया थाङ्क शुरुआत केरल से हुई, जिसने स्वाथि थिरुनल जैसे अपने पूर्व राजाओं के अलावा वामपंथी सरकार के मुख्यमंत्री ईएमएस नम्बूदरीपाद सरकार से सबक लिया, इसने आगे सामाजिक क्षेत्र के लिए फंड मुहैया करवाने के लिए प्रारूप का काम किया, जो आजतक चला आ रहा है। इसलिए आखिर में, जब तमाम नैतिक उपदेश निपट गए हो, 'क्यों' का उत्तर काफी सरल है। हां, शिक्षा और स्वास्थ्य भाजपा के लिए तरजीह नहीं हैं, इसके लिए स्टॉक मार्केट की तरफ ध्यान देना अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह अंदरूनी और विदेशी निवेशकों को भारत में पैसा लगाने का दोस्ताना संकेत है।

# अधकचरे ज्ञान से जीवन गति बाधित

**रेनू सैनी**

एक बहुत पुरानी कहावत है-नीम हकीम खतरा-ए-जान। इसका अर्थ यह है कि एक ऐसा व्यक्ति जिसके पास डॉक्टरी का अधूरा ज्ञान है, वह आपकी जान खतरे में डाल सकता है। इसलिए कभी भी ऐसे व्यक्ति से अपना इलाज न कराएं जिसे डॉक्टरी का पूरा ज्ञान नहीं है।

वहीं एक और बात भी सही है कि जीवन में सब कुछ समझने की कोशिश क्यों करनी? यहां यह अवश्य ध्यान दें कि दोनों बातों में अंतर है। आधा-अधूरा ज्ञान सदैव खतरनाक होता है। जीवन में हर व्यक्ति सब कुछ नहीं जानता। न ही उसे जानने की जरूरत है। इसलिए आधे-अधूरे ज्ञान की प्राप्ति से बचें। इस दुनिया में यदि डॉक्टरी की बातें प्रत्येक व्यक्ति गहराई से जान जाएगा तो वह स्वयं ही अपना इलाज करने लगेगा। मगर यह संभव नहीं है क्योंकि डॉक्टर बनने के लिए डिग्री अनिवार्य होती है, जो हर कोई व्यक्ति नहीं ले सकता। लेकिन अक्सर लोग ज्ञान प्राप्ति की पिपासा में आधे-अधूरे ज्ञान को प्राप्त कर यह समझने लगते हैं कि उन्हें बहुत कुछ पता चल गया है।



आजकल हर विषय से संबंधित ज्ञान देने के लिए ढेर सारे प्लेटफॉर्म मौजूद हैं। इनमें गूगल, क्वोरा, एआई आदि प्रमुख हैं। कई बार लोगों को हल्का-सा खांसी-जुकाम, बुखार आदि होता है तो वे डॉक्टर के पास जाने के बजाय इधर-उधर से प्राप्त आधे-अधूरे ज्ञान से अपना इलाज करते हैं और बीमारी बढ़ा लेते हैं। वहीं कई लोग हल्के से खांसी-जुकाम या बुखार की भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ऐसी जानकारी पढ़ लेते हैं जिससे उनके होश उड़ जाते हैं और वे पहले से अधिक बीमार और चिड़चिड़े हो जाते हैं। जब तक शरीर की सही जांच नहीं होती, तब तक बीमारी का पता नहीं चल पाता। इसलिए इधर-उधर की बातों या लोगों पर विश्वास करने के बजाय प्रशिक्षित चिकित्सक से अपना इलाज कराएं और जीवन को खुशी से जिएं।

कई बार सब कुछ समझने और जानने की कोशिश में व्यक्ति अपने दिमाग में ऐसी अधकचरी बातें डाल लेते हैं जिससे उनका जीवन नासूर बन जाता है। आप सोच कर देखिए कि कई बार जब आप इधर-उधर से आधी-अधूरी बीमारी या बातों की जानकारी पढ़ लेते हैं तो चौबीस घंटे आपके मस्तिष्क में यही बातें दौड़ती रहती हैं कि कहीं आप तो ऐसी बीमारी का शिकार नहीं होने जा रहे। सामान्य बीमारी भी आपको डराने लगती है। आपके चेहरे से मुस्कुराहट गायब हो जाती है, आपका स्वस्थ तरह से खाना-पीना भी छूट जाता है।

इसी प्रयोग में एक कहानी है। एक पेड़ पर नर-मादा दो बंदर बैठे हुए थे। सूर्यास्त होने जा रहा था। दोनों टकटकी लगाकर वहीं देख रहे थे। एक बिंदु पर अचानक मादा बंदर बोली, 'सुनो जी, जब सूर्य क्षितिज पर पहुंचता है तो, आकाश का रंग क्यों बदल जाता है?' बंदर बहुत सोचने के बाद वह बंदरिया से बोला, 'सुनो, अगर हमने सब कुछ समझने और समझाने की कोशिश की तो हम पागल हो जाएंगे, जीना मुश्किल हो जाएगा। बस चुपचाप इस खूबसूरत दृश्य को देखो और प्रसन्नता के सागर में गोते खाओ।' इस पर बंदरिया क्रोधित होकर बंदर से बोली, 'तुम तो बड़े अजीब हो। तुम्हारा सारा ध्यान जीवन का आनंद लेने पर टिका हुआ है।'

बंदर बोला, 'जानकर क्या करोगी? क्या तुम आकाश के रंग को बदल दोगी।' यह सुनकर बंदरिया रूठ कर बैठ गई। तभी वहां से एक कनखजूरा जा रहा था। बंदर ने आवाज लगाकर उसे रोका और कहा, 'रुको! ज़रा एक बात तो बताते जाओ। तुम्हारे इतने सारे पैर हैं। तुम इतने सारे पैरों से बिल्कुल सही तालमेल बनाकर कैसे चल पाते हो। कभी लड़खड़ाते नहीं।' कनखूजरे ने कुछ सोचकर अपने पैरों को देखा और फिर बोला, 'पहले मैं अपनी मांसपेशी को हिलाऊंगाज् नहीं-नहींज् मैं अपने शरीर को इस दिशा में ले जाऊंगाज् अरे नहींज् यह भी नहीं, मैं शायद पहले के पैर आगे बढ़ाऊंगाज् पहले के पैर आगे बढ़ेंगे तो पीछे के पैर कहां जाएंगेज् यह सब करते-करते एक घंटा बीत गया। एक घंटे बाद कनखजूरा बंदर पर चिल्लाकर बोला, 'उफ! तुम्हें यह समझाने के चक्कर में तो मैं आगे बढ़ना ही भूल गया। मैं जब यह नहीं जानता था, तब बड़े आराम से मस्त चाल में चल रहा था। अरे जब मैं बिना जाने आगे बढ़ रहा हूं, खुशी से रह रहा हूं तो इस बारे में जानकर क्यों अपना दिमाग और जीवन खराब करूं। आगे से मुझसे कभी ऐसा बेहूदा प्रश्न न करना।'

दैनिक चम्बल नवराष्ट्र

भोपाल, मंगलवार 30 जुलाई 2024



# ग्राम पंचायत सिलावन में खेत तालाब में भ्रष्टाचार, सरपंच का पुत्र पढ़ाई के साथ कर रहा मजदूरी

## ग्रामीणों का आरोप-पांच लाख के खेत तालाब में खोद दी छोटी सी डबरी, जनपद के अधिकारी कर रहे लीपापोती

**अशोकनगर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** ग्राम पंचायतों में सरपंचों द्वारा किस कदर पद का दुरुपयोग किया जा रहा है इसकी बानगी मुंगावली जनपद की ग्राम पंचायत सिलावन में देखने को मिली है। सिलावन में ग्राम पंचायत के नुमाइंदों द्वारा खेत तालाब योजना के नाम पर छोटी छोटी डबरियां खोद दी गई हैं। जबकि इनकी लागत पांच लाख रुपए बताई गई है। शासन के नियम अनुसार 5 लाख तक की लागत से खेत तालाब बनाया जाता है मगर ग्राम पंचायत सिलावन में जो तालाब बनाए गए हैं वह छोटी डबरी जैसे प्रतीत होते हैं इन तालाबों को कागजों में पूर्ण कर दिया गया है लेकिन ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि तालाबों को जिस माप एवं पैमाने के आधार पर बनाया जाना चाहिए था ऐसा नहीं बनाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि शासन के नियमानुसार खेत




तालाब का आकार लगभग पंद्रह हजार फीट के करीब रहना चाहिए लेकिन पंचायत द्वारा उसे इससे आधे हिस्से में भी नही बनाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार कुछ दिन पहले जनपद पंचायत की एक टीम ग्राम में पहुंची थी जिसने खेत तालाब का निरीक्षण किया था। जब इस मामले उपयंत्री दिलीप राठौर से बात की गई तो उनका कहना था की हम ग्राम में हो रहे कामों को देखने के लिए गए थे जबकि जिस खेत तालाब की लोग बोल रहे है वह अभी बारिश की वजह से उसका काम पूरा नहीं हुआ है और निर्माण प्रगतिशील है।

### सरपंच ने दोनों पुत्रों से मनरेगा में कराई मजदूरी

ग्रामीणों से चर्चा में ग्राम पंचायत सिलावन के सरपंच की एक और करामात सामने आई। दरअसल सरपंच ने अपने दोनों पुत्रों को मनरेगा में मजदूरी करना बताया है दोनों पुत्रों के नाम से मस्टर भरे जा दे हैं और मजदूरी की राशि निकाली जा रही है हैरान करने वाली बात तो यह है कि एम सरपंच के दोनो पुत्र गांव से बाहर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं ऐसे में वह गांव में रहकर मजदूरी कैसे कर सकते हैं। इस मामले की जांच होने पर पंचायत में हो रहे घोटाले सामने आ सकते हैं।

### क्या बोले जिम्मेदार

हमने कुछ दिनों पहले उक्त पंचायत में काम का निरीक्षण किया था जिसमे खेत तालाब भी था जिसका बारिश की वजह से कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है उसे पूरा करने को कहा गया है यदि यह कार्य पूर्ण बताया है तो उसे दिखवा लिया जाएगा।

**दिलीप राठौर**
**उपयंत्री आरईएस मुंगावली**

मनरेगा में काम तो कर ही रहे है, मगर पढ़ाई का हमें नही पता। शनिवार या रविवार को कही चले जाते है वैसे वह लोग ग्राम में ही रहते है।

**राजेंद्र सिंह रघुवंशी**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**सिलावन**

# खाद्य सुरक्षा के संबंध में खाद्य व्यापारियों को दिया प्रशिक्षण



**अशोकनगर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** खाद्य व्यापारियों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (FSSAI) की फोसटेक योजना अंतर्गत सोमवार को मंगल रेसीडेंसी अशोकनगर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक के निर्देशन में एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फोसटेक अधिकृत ट्रेनर संजय काले, मोबलाइजेशन मैनेजर अनुज सक्सेना एवं सहायक सुरेश दांगी द्वारा खाद्य व्यापारियों का खाद्य सुरक्षा के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में सभी व्यापारियों ने हिस्सा लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग के सभी कानूनों प्रावधानों की जानकारी प्राप्त की।

उल्लेखनीय है कि एफएसएसएआई द्वारा संचालकों को खाद्य सुरक्षा सुपरवाइजर के रूप में एक बार ऑफलाइन ट्रेनिंग प्राप्त करने के निर्देश दिए है ।यह ट्रेनिंग फोसटेक प्रोग्राम इंपैनलड एजेंसी ग्लोबल इंस्टीट्यूट द्वारा प्रदान किया गया। व्यापारियों द्वारा ट्रेनर संजय काले से अपने व्यापार से सम्बंधित कई प्रश्न भी पूछे। जिस पर ट्रेनर द्वारा व्यापारियों के सभी सवालों का जवाब देते हुए खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण के सभी नियमों का पालन करने हेतु व्यापारियों से अपील की। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती लीना नायक, खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण अधिकृत ट्रेनर संजय काले, मॉबलाइजेशन मैनेजर अनुज सक्सेना, सहायक सुरेश दांगी एवं समस्त खाद्य कारोबारकर्ता मौजूद रहे।

# अशोकनगर जिले के 5 उप स्वास्थ्य केंद्र राष्ट्रीय स्तर से होंगे सम्मानित

**अशोकनगर ( चम्बल नवराष्ट्र )** राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के उद्देश्य के अनुरूप सबके लिए स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2018 में आयुष्मान भारत का शुभारंभ किया गया। आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण स्तर पर व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किए जाने के उद्देश्य से आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (उप स्वास्थ्य केंद्र) मे विकसित किये गये । स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2013 मे गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान किये जाने हेतु राष्ट्रीय गुणवत्ता आवश्वासन मानक की शुरूआत की गयी । जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य संस्था पर प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओ को गुणवत्ता मानक अनुरूप मापदण्ड निर्धारित किये गये। जिसमे लगभग 550 बिंदुओ के आधार




पर मूल्यांकन किया गया ।

एन.क्यू.ए.एस. मापदण्ड मे स्वास्थ्य केन्द्र स्तर, जिले स्तर, राज्य स्तर एंव राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन किया जाता है। वर्ष 2023-24 मे अशोकनगर के 09 हैल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर का राष्ट्रीय स्तर पर एन.क्यू.ए.एस. मूल्यांकन हेतु चयन कर मूल्यांकन किया गया , जिसमे राष्ट्रीय स्तर के असेसर दिल्ली तथा विभिन्न राज्यो से आये व उनके द्वारा स्वास्थ्य संस्था पर प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओ का एन.क्यू.ए.एस. के मापदण्ड का मूल्यांकन किया गया ।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा बच्चो का किया गया स्वास्थ परीक्षण



**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नीरज छारी के मार्गदर्शन मे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सोमवार को माध्यमिक स्कूल क्रमांक 2 में बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर माध्यमिक स्कूल क्रमांक 2 में डॉ सौरभ शर्मा (मेडीकल ऑफीसर),डॉ अंजना शर्मा द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई वितरण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में बच्चों की स्क्रीनिंग , एचबी टेस्ट और 4डी के बच्चे चिन्हित किए गए। इस अवसर पर एएनएम दीपा रजक , सुनील कुमार, प्रधानाध्यापक रणवीर सिंह रघुवंशी, शिक्षक कमल आसावरा, अरविंद कोठारी,रेखा यादव उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की समस्त तैयारियां बेहतर तरीके से की जाएं- कलेक्टर

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों संबंधी बैठक सम्पन्न

**अशोकनगर ( चम्बल नवराष्ट्र )** जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह की समस्त तैयारियां बेहतर हो, समारोह के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जो दायित्व सौंपे गये है,वे अपनी जिम्मेदारी से स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां समय पर पूर्ण करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों संबंधी बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए ।

बैठक में कलेक्टर श्री द्विवदी ने निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक मनाया जाये। जिले का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउण्ड अशोकनगर में प्रात:



09 बजे से मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण से प्रारंभ होगा। समारोह में विशेष सशस्त्र बल,होमगार्ड ,पुलिस,स्काउट, गाईड तथा अन्य टुकडियों द्वारा मार्चपास्ट किया जाएगा। कार्यक्रम में पी.टी.प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरूस्कार वितरण तथा निर्णायक मण्डल के सदस्यों की नियुक्ति की जाए। बैठक में निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां सभी अधिकारी समय-सीमा में सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए समारोह स्थल पर ग्राउण्ड की साफ-सफाई, पेयजल, बैठक व्यवस्था ,सुरक्षा व्यवस्था तथा विद्युत व्यवस्था के इंतजाम पुख्ता रखें जाए। बैठक में आमंत्रण पत्र छपवाये जाने तथा वितरण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन,अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा,संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सोनम जैन,अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एन.एस.नरवरिया,डिप्टी कलेक्टर इसरार खांन,समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत,सीएमओं एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन समय पर करें अधिकारी-कलेक्टर

**अशोकनगर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** शासन द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन अधिकारी समय पर करें जिससे पात्र हितग्राहियों को लाभ मिल सके। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री द्विवेदी ने निर्देश दिये कि समय सीमा के आवेदन विभागों में लंबित न रहे आवेदनों के निराकरण की दिशा में सभी आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी पूरी निष्ठा एवं गंभीरता के साथ आवेदनों का निराकरण कराने में अपनी महती भूमिका अदा करें। उन्होंने बारिश के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जिले के बाढ ग्रस्त क्षेत्रों में बाढ से निपटने के लिये सभी तैयारियां पूर्ण रखे जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को




दिये। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष साफ सफाई रखे जाने तथा पेयजल की समूचित व्यवस्था बनाये रखे जाने के निर्देश दिये। उन्होंने शालाओं में शिक्षकों की उपस्थिति नियमित बनाये रखे जाने हेतु जिला अधिकारियों के निरीक्षण रोस्टर बनाये जाने के निर्देश शिक्षा विभाग को दिये। उन्होंने स्पष्ट किया कि जरजर भवनों में शालाएं संचालित न हो इस विशेष ध्यान दिया जाएं।

बैठक में सीएम हेल्पलाईन के अंतर्गत विभागों में लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देकर निराकरण की कार्यवाही की जाकर ग्रेडिग में सुधार लाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि 50 दिवस से अधिक समय की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही कर तत्परता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड में आशातीत प्रगति लाये जाने के निर्देश दिए। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु नियमित अभियान संचालित किया जाए। इस कार्य में सभी जनपद पंचायत सीईओ,बीएमओ एवं सीएचओं द्वारा संबंधितों को लक्ष्य प्रदान कर निरंतर मॉनीटरिंग की जाए। उन्होंने उच्च न्यायालय में लंबित विभागीय प्रकरणों के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने विश्वकर्मा योजनान्तर्गत पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ दिलायें जाने हेतु प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को दिए। उन्होंने वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत विभागों को आवंटित लक्ष्य के अनुरूप लगाये पौधों की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने एक पेड मॉ के नाम अभियान के तहत पौध रोपण कर संबंधित वायूदूत एप उपलोड कर किये जाने की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने गौशालाओं में गौवंश की संख्या तथा छाया,पानी की व्यवस्था की समीक्षा की साथ ही निर्माणाधीन गौशालाओं के निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा की।

# गुरुदेव द्वारा रखी गई नींव बनेगी मिसाल: मुनि श्री सौम्यसागर महाराज

**मुंगावली (चम्बल नवराष्ट्र)।** अभी तो केवल ज्योति जली है उसे मिसाइल बनाना अभी बाकी है। 2018 में गुरुदेव द्वारा मुंगावली में जो नींव रखी गई थी उस नींव को शिखर तक ले जाने का समय आ गया है। गुरुदेव द्वारा मुंगावली में मंदिर निर्माण का जो बीजारोपण किया गया था अब समय आ गया है कि आचार्य गुरुदेव के रोपे गए बीज को हम विशाल वृक्ष में बदल सकें। उक्त बात मुनि श्री सौम्यसागर महाराज ने एक धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कलश स्थापना के बाद अभी तो यह शुरुआत मात्र है आगे और भी कई काम हैं जिन्हे पूरा करना है। कल कार्यक्रम में कमेटी वाले नही आए कमेटी के कुछ पदाधिकारियों का कहना था कि महाराज कल हम यदि आ जाते तो इन सब लोगो का सम्मान कौन करता। मुनि श्री ने कहा कि मुंगावली में मंदिर निर्माण को लेकर कई तरह के संशय हैं। कोई सोच रहा है मंदिर बनेगा, तो कोई सहस्त्रकूट जिनालय की भावना भा रहा है। मैं यह बताना चाहता हूं कि गुरुदेव की इच्छा के अनुरूप यहां भव्य मंदिर भी बनेगा और गुरुदेव हमें जो संस्कार देकर गए हैं उसके अनुसार सहस्त्रकूट जिनालय का



निर्माण भी होगा। इस कार्य में मंदिर निर्माण कमेटी एवं पंचायत कमेटी दोनों को आगे आना होगा। मुंगावली जैन समाज के लोगो में एक आश जगी है और लोगो को विश्वास होने लगा है कि मंदिर तो अब बनेगा ही। उन्होंने कहा कि संकेतो के माध्यम से जो समझने लग जाते है उनके लिए शब्दो में व्यक्त नही करना पड़ता। यदि समझ गए हो तो मुस्कुराना भी सीख जाओ जिस तरह रोज बोलना और याद करना यह मानव के दिन चर्या में है लेकिन कुछ चीजे ऐसी जोड़ लो जो दिन निकलने के बाद भी हम भूल न पाए जैसे हम सांस लेना, और भूख लगने पर खाना, खाना नही भूलते वैसे ही देव शास्त्र गुरु के समझ विराजमान हो तो हमे मुस्कुरना भी नही भूलना चाहिए क्योंकि यह चीज अपने जीवन में महत्त्वपूर्ण है।

# बाल अधिकार जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

## बाल हितैषी सामाजिक वातावरण निर्मित करना हम सबकी जिम्मेदारी- अभिराम शर्मा

**दतिया (चम्बल नवराष्ट्र)।** बच्चों को सर्वांगीण विकास के अवसर मिल सकें और बाल हितैषी सामाजिक वातावरण निर्मित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उक्त विचार शासकीय कन्या हायरसेकेंडरी स्कूल उनाव में आयोजित बच्चों की न्याय तक पहुँच जागरूकता संवाद कार्यक्रम में शिक्षाविद अभिराम शर्मा ने व्यक्त किए।



जिला समन्वयक रामजीशरण राय ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत छात्राओं व शिक्षकों को बाल अधिकारों से परिचित कराने व संवेदनशील बनाने हेतु संचालित धरती संस्था व कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन (चस्सष्ठ्र) के संयुक्त तत्वावधान में बाल अधिकार जागरूकता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। राय ने कहा कि बच्चों की अधिकारों व न्याय तक पहुँच सुनिश्चित हो। ब्लॉक समन्वयक एस.आर. चतुर्वेदी ने कहा कि बाल विवाह के विरुद्ध संचालित अभियान में हम सबकी सहभागिता जरूरी। हर स्तर पर आवश्यक प्रयास करने होंगे तभी बचपन सुरक्षित कर सकेंगे। ब्लॉक समन्वयक भाण्डेर ब्रजेन्द्र कुमार ने चाइल्ड लाइन 1098, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति की व्यापक जानकारी दी।

शिक्षाविद दीपक शर्मा ने प्रतिभागियों को बाल अधिकारों की जानकारी देते हुए लैंगिक हिंसा व पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों की जानकारी दी। सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष राय ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर व्यापक जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह होने से बच्चों को प्रदान करने वाले अवसरों से वंचित कर देते हैं। इसलिए हर स्तर पर जागरूकता जरूरी।

स्वदेश संस्था के बलवीर पाँचाल ने बच्चों को सुरक्षित व असुरक्षित स्पर्श की जानकारी देने की बात कही ताकि बच्चों के साथ होने वाली लैंगिक हिंसा को रोक जा सके।सामाजिक कार्यकर्ता मोहनी परिहार व प्रीति शिवहरे ने बच्चों व उपस्थित प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। इस अवसर पर स्कूल का स्टाफ कुलदीप सिंह, सत्येंद्र लिटौरिया, सुनील बरवा, मांडवी शर्मा, अर्चना रावत, प्रतिभा झाँ, रीता गौतम, प्रगति यादव, खुशबू कुशवाह, शांति रजक, भूपेन्द्र कुशवाहा, अभय दाँगी, शिवम बघेल सहित बड़ी संख्या में छात्राएँ सम्मिलित रहीं।

# नवीन जेल का पड़ा अधूरा निर्माण कार्य फण्ड का दुरुपयोग



**दतिया (चम्बल नवराष्ट्र)।** म.प्र.शासन द्वारा दतिया पुरानी जेल के स्थान पर भाण्डेर रोड़ पर स्व. अरुण भारती के पेट्रोल पंप के पास बन रही नवीन जेल का भूमि पूजन तत्कालीन जेल और गृहमंत्री द्वारा दिनांक 5 दिसम्बर 2022 को किया गया था। लगभग एक साल 5 माह होने के उपरांत जेल का काम अधूरा पड़ा है। ऐसा ज्ञात हुआ है कि ठेकेदार निर्माण कार्य नहीं कर रहा है। जिसके कारण जेल का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।

हाला की नवीन जेल की कोई आवश्यकता नहीं थी, बल्कि पुरानी जेल भवन को ही मरम्मतीकरण, सुदृढ़ीकरण किया जा सकता था और ठण्डी सड़क स्थित लंबे-चैड़े ऐरिया में बने जेल का उपयोग और अच्छी तरह से किया जा सकता था, क्योकि नवीन जेल बनने के बाद पुरानी जेल और उसकी जमीन का क्या उपयोग किया जायेगा। ठण्डी सड़क पर बने हुये जेल के नजदीक अस्पताल तथा अन्य सुविधायें भी उपलब्ध है, किन्तु पूर्व गृहमंत्री द्वारा उस जेल भवन एवं भूमि का पूर्ण उपयोग न करते हुये नवीन जेल का बनवाये जाना समझ से परे है। यदि इतना ही पैसा बच्चों के हॉस्टल एवं शिक्षण संस्थाओं के जो भवन विहीन है उसको बनवाया जाता तो अच्छा होता। पूर्व में भी इसी प्रकार कलेक्ट्रेट बिल्डिंग और भवन का उपयोग न करते हुये ग्वालियर रोड पर नवीन कलेक्ट्रेट भवन बनवा दिया है। जिससे आज जनता और अभिभाषक परेशान हो रहे है।

# बलात्कार के आरोपी को थाना इंदरगढ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दतिया।** पुलिस अधीक्षक दतिया वीरेन्द्र कुमार मिश्रा' द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एवं 'अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे एवं एसडीओपी सेवड़ा अखिलेश पुरी गोस्वामी के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी इंदरगढ़ थाना पुलिस द्वारा बलात्कार के आरोपी परशुराम पाल नि0 'मोहना जाट को गिरफ्तार किया। दिनांक 12.07.24 को फरियादी द्वारा अपनी लड़की के अपहृत' होने संबंधी रिपोर्ट थाना इंदरगढ में की थी थाना इंदरगढ में अपराध क्रमांक 283/24 धारा 137(2) 'बी.एन.एस. का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया बाद दिनांक 26.07.24 को अपहर्ता वालिका को दस्तयाब किया गया एवं अपहर्ता के धारा 183(2) बी.एन.एस.एस के तहत माननीय 'न्यायालय सेवढा में कथन कराये गये एवं अपराध में' बलात्कार एवं अन्य धारा- 64(2)एम, 87,74,127 (2)बी.एन.एस की 'इजाफ की गई। कथन में बताए आरोपी परशुराम पाल पुत्र लखन लाल पाल' उम्र 27 साल निवासी मोहना जाट को मुखबिर सूचना पर से हमराह फोर्स की मदद से ग्वालियर चौराहा इंदरगढ़ से कहीं जाने की फिराक में खड़े हुए पकड़ा आरोपी को अपराध' सदर से अवगत कराकर आरोपी की अपराध सदर में आवश्यकता होने से मौके से गिरफ्तार किया गया। बाद आज दिनांक '28.7.24 को आरोपी को जे.आर. पर न्यायालय सेवढा पेश किया गया।' जे.आर. स्वीकृत होने से आरोपी को उपजेल सेवढा दाखिल' किया गया।उक्त कार्यवाही में-निरीक्षक उपेन्द्र दुबे थाना प्रभारी इंदरगढ, उनि मुरारी शर्मा,' आर 75 राघवेन्द्र गुर्जर, महिला आर 324 अंजू राजे, आर 789 हेमंत 'अहिरवार, आर 412 लक्षमेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही।

# चार दिन से नही हुई नलजल सप्लाई जनता परेशान

**दतिया (चम्बल नवराष्ट्र)।** भीषण उमस भरी गर्मी में बिजली कंपनी और नगर पालिका की मनमानी के चलते भदोरिया की खिड़की इलाके के लोग पानी के लिए बिलबिला रहे हैं। वहीं, बिजली पानी समस्या से लोग बुरी तरह परेशान है। इलाके में चार दिन से पानी की सप्लाई नहीं हुई है। नगर पालिका का कहना है कि, बिजली का ट्रांसफार्मर खराब है। जिस कारण सप्लाई नहीं हो पा रही है। वही नगर पालिका का दबा था कि, जनरेटर है सप्लाई नहीं रुकेगी। लेकिन सवाल खड़ा होता है कि, अब जनरेटर कहा है। बिजली विभाग का कहना है कि, ट्रांसफार्मर खराब नही है। बिजली की सप्लाई चालू है। इस समस्या को लेकर कोई भी चीज जिम्मेदार जनप्रतिनिधि से लेकर अधिकारी इस मुद्दे पर बात करने को भी तैयार नहीं है। नाही कोई संतुष्ट जनक उत्तर दे पा रहा है।

# पुलिस लाईन ग्राउण्ड में होगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह का आयोजन - कलेक्टर

## सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

**दतिया( चम्बल नवराष्ट्र)।** कलेक्टर संदीप कुमार माकिन की अध्यक्षता में न्यू कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 15 अगस्त 2024 को 77वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जिले में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह का आयोजन पुलिस लाइन ग्राउंड में सुबह 9 बजे किया जाएगा। उन्होंने जिले में आयोजित स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की तैयारी के संबंध में सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बैठक में उन्होंने मुख्य समारोह स्थल के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस पर जिले के सभी शासकीय व सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय में ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य समारोह में शामिल होने को कहा। उन्होंने परेड एवं रिहर्सल, आमंत्रण कार्ड, बैठक व्यवस्था, साज-सज्जा, बेरिकेटिंग, विद्युत, पानी व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को दायित्व सौंपे। कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान पर आधारित कार्यक्रम, व्यायाम एवं देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न विभागों द्वारा झांकी के आयोजन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विनोद भार्गव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया कमलेश भार्गव, ज्वाइंट कलेक्टर बृज बिहारी श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर भूमिजा सक्सेना, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत धनंजय मिश्रा एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# चित्रगुप्त महिला मंडल ने चित्रगुप्त धाम दतिया पर विधि-विधान से किया सामूहिक रुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन

**दतिया (चम्बल नवराष्ट्र)।** चित्रगुप्त धाम दतिया, शिव भक्तों के लिए श्रावण मास कुंभ के बराबर होता है। इस माह में शिव जी की पूजा आराधना एवं अभिषेक करने से भक्त के समस्त कष्टों का नाश होता है एवं लक्ष्मी जी का घर में वास होता है। सावन के महीने में शिवजी की सच्चे मन से आराधना करने पर सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं इस अवसर पर चित्रगुप्त मंदिर दतिया पर चित्रांश महिला मंडल ने सर्वप्रथम भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा- आराधना की। तत्पश्चात सामूहिक रूप से भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग का निर्माण एवं पूजन किया ।अभिषेक आचार्य पंडित सुमित शर्मा एवं अन्य सहयोगी पंडितों द्वारा संपन्न कराया गया। पार्थिव शिवलिंग निर्माण के दौरान सभी ने भगवान शिव के भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां भी दी।अभिषेक के पश्चात रुद्रियों को करन सागर में विसर्जित किया गया। धार्मिक आयोजन के पश्चात टिफिन गोठ में सभी ने स्वरूचिपूर्ण लजीज व्यंजनों का भी स्वाद लिया । इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्षा रंजना भटनागर, मीना श्रीवास्तव, सुधा श्रीवास्तव, गुलाब सक्सेना, अनुपमा खरे, सुषमा श्रीवास्तव ,डॉक्टर रश्मि श्रीवास्तव, उमा श्रीवास्तव , मिथिलेश सक्सेना, गायत्री श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव ,अपूर्वा श्रीवास्तव, आराधना सक्सेना, रुचिका श्रीवास्तव, संध्या श्रीवास्तव, सुनीता खरे, दीप्ति खरे, सोनम श्रीवास्तव, सुमिता खरे, कमला श्रीवास्तव, संगीता खरे, शांता पविया, उमा श्रीवास्तव ,कल्पना श्रीवास्तव ,राजेश्वरी श्रीवास्तव, राम कुमारी श्रीवास्तव, नीलम श्रीवास्तव ,प्रभा श्रीवास्तव, प्रिंसी श्रीवास्तव, रानी श्रीवास्तव, भावना श्रीवास्तव, सहित महिला मंडल ने समस्त धार्मिक कार्यों में सहभागिता की।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इंदरगढ़ माह में 3 दिन मिलेगी महिला चिकित्सक की सेवाएं

**दतिया( चम्बल नवराष्ट्र)।** सीएमएचओ डॉ. आरबी कुरेले द्वारा 01 महिला चिकित्सक की वैकल्पिक व्यवस्था सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इन्दरगढ़ के लिए की है। यह महिला चिकित्सक को माह की 09, 14 एवं 25 तारीख को स्वास्थ्य केन्द्र में अपनी सेवाऐं प्रदान करेगी जिससे महिला रोगियों को होने वाली समस्या का निराकरण किया जा सके।

सीएमएचओ डॉ. कुरेले द्वारा इसके साथ ही इंदरगढ़ बीएमओ डॉ. अरूण शर्मा को निर्देशित किया गया है कि महिला चिकित्सक को आवश्यक सामग्री के साथ स्टाफ मुहैया कराकर सहयोग प्रदान करें।

# नपा अधिकारी ने दिखाई इंसानियत, अपनी निजी पैसों से लावारिस घायल महिला को भेजा महिला संरक्षण केंद्र

**इंदरगढ़।** नगर की सड़कों पर बूढ़े बुजुर्ग लावारिस हालत है कहीं पड़े तो घूमते नजर आते हैं लेकिन ऐसे बहुत कम लोग होते हैं जो इन पीड़ित लोगों की दशा सुधारने में रुचि ले लेकिन आज सुबह सवेरे दतिया रोड पर अस्पताल के सामने सड़क किनारे एक घायल बुजुर्ग महिला लावारिस हालत में बैठी हुई थी जिसे उपचार के साथ-साथ आश्रय की आवश्यकता थी नगर पालिका अधिकारी महेंद्र सिंह यादव की नजर उसे महिला पर पड़ी तो उन्होंने इंसानियत दिखाते हुए तत्काल अपने पैसों से प्राइवेट वाहन मंगाकर अपने दो कर्मचारी भेजकर उस महिला को महिला संरक्षण केंद्र दतिया पहुंचाने की व्यवस्था की है

घायल बुजुर्ग महिला जो अपना नाम शांति अहिरवार निवासी सेवड़ा बता रही थी किसी वाहन की टक्कर या गिरने के कारण महिला के हाथ पैर में फैक्चर था और वह दर्द से तड़प रही थी इस भास्कर संवाददाता को महिला ने बताया कि मैं दो दिन से सड़कों पर भटक रही है किसी ने उसका इलाज नहीं कराया सेवढा में उसका मकान है लेकिन उसके परिवार वालों ने घर से निकालकर लावारिस हालत में छोड़ दिया तभी सड़क पर बैठी घायल लावारिस महिला को देख नगर पालिका अधिकारी महेंद्र सिंह यादव भी वहां पर पहुंच गए और उन्होंने तत्काल प्राइवेट वाहन मंगाकरअपने सफाई दरोगा धर्मेंद्र वाल्मिक एवं ठेकेदार दीपक भटकारिया के साथ घायल लावारिस महिला को महिला संरक्षण केंद्र दतिया भिजवा दिया गया।

# सोमवार को निकली बाबा महाकाल की श्रावण मास की दूसरी सवारी







**उज्जैन,( चम्बल नवराष्ट्र )।** इस श्रावण-भादौ मास के दूसरे सोमवार को बाबा महाकाल नगर भ्रमण पर निकले। बाबा ने चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में दर्शन दिए। गजराज पर मन महेश विराजे। पालकी के आगे मध्यप्रदेश पुलिस के 300 पुलिस कलाकारों के बैण्ड की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूम रहे थे।आदिवासी कलाकार भमड़ा नृत्य की प्रस्तुति दे रहे थे।

कलेक्टर सह महाकाल मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष नीरजकुमार सिंह ने बताया कि सोमवार अपरांह कोटितीर्थ परिसर स्थित सभा मण्डप में बाबा महाकाल का पूजन,अभिषेक प्रदेश के केबीनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने किया। पश्चात पालकी में विराजीत करके मुख्य द्वार पर पालकी लाई गई। यहां परंपरानुसार सशस्त्र पुलिस बल ने भगवान को गार्ड ऑव ऑनर दिया। यहां से पुलिस बैण्ड की सुमधुर धुन पर बाबा नगर भ्रमण पर निकले।

मंत्री प्रहलाद पटेल पैदल रामघाट तक पालकी की अगवानी करते हुए निकले। मार्ग में जगह-जगह रंगोली बनाई गई थी। सवारी कोट मौहल्ला चौराहा, गुदरी, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी होकर रामघाट पहुंची। बाबा की पालकी के पिछे गजराज पर मन महेश विराजीत थे। पूरे मार्ग पर भक्तों द्वारा गुलाब के फूलों की पंखुरियों से जमकर वर्षा की गई। रामघाट पर प्रहलाद पटेल ने पूजन किया। पश्चात पालकी रामानुजकोट, मोढ़ की धर्मशाला,खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर,ढाबा रोड़, टंकी चौक, छत्रीचौक होकर गोपाल मंदिर, पटनी बाजार,गुदरी, कोट मौहल्ला चौराहा होकर पुन˜ मंदिर पहुंची।

## आई टी आई में 30 जुलाई को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन

**रतलाम।** जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय द्वारा स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 30 जुलाई को शासकीय आई टी आई सैलाना रोड सज्जन मिल के सामने रतलाम में किया जाएगा जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों के प्रतिनिधि विभिन्न पदों पर भर्ती करेगें। रोजगार मेलें में ख्याति प्राप्त कम्पनियों द्वारा मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, प्राचार्य, व्याख्यता, कम्प्यूटर आपरेटर, एजेन्ट, सिक्योरिटी गार्ड, अकाउंटेंट, लाईब्रेरियन, लेबर, सेल्स मार्केटिंग, वित्तीय सलाहकार आदि अनेक पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। आई टी आई प्राचार्य श्री यूपी अहिरवार ने बताया कि शैक्षणिक योग्यता 8 वी उत्तीर्ण से स्नातकोत्तर, आयु 18 से 45 वर्ष तक है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाली कंपनियों में टाईगर सिक्योरिटी, भारतीय जीवन बीमा निगम, जला फाईनेन्स बैक, भारती एक्सा, एच डी एफ सी लाईफ इन्शोरेन्स रतलाम, माही ग्रुप ऑफ एजुकेशन बांसवाड़ा, स्काई इंटरप्राईजेस, नव भारत फर्टीलाईजर इन्दौर आदि है।

## श्री अमृतम शोध संस्थान, हिंदी साहित्य के छात्रों के लिए लेखन सेवाएं प्रदान करता है- राठौर

रविन्द्र राणावत

**उज्जैन ( चम्बल नवराष्ट्र )।** श्री अमृतम शोध संस्थान, हिंदी साहित्य के छात्रों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली डि.लिट् , पीएचडी रिसर्च पेपर, लेखन सेवाएं प्रदान करता है। हमारे समर्पित शोधकर्ता और लेखक आपकी सफलता में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शोध डिज़ाइन से लेकर अंतिम संपादन तक, हम आपके पीएचडी सफर में व्यापक समर्थन प्रदान करते हैं। हमसे संपर्क करें और आसानी से अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करें। इसे व्यवसाय ना समझा जाए यह नवाचार है नए विद्यार्थियों के लिए नई दिशा का कार्य है । संपर्क करें 88719 17502,94071 58670। शिक्षा के हर क्षेत्र में हो




या सामाजिक क्षेत्र हो या हर गुणवत्ता में अपनी शिक्षा को अवगत कराने वाले ऐसे शिक्षा भी डॉक्टर राठौर द्वारा अनेक विद्यार्थियों के भविष्य को सावरा है। उनकी मनशाही के आगे भी हो इसी तरह समाज के छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ते रहे।

## बाल गृह में रहने वाले प्रत्येक बच्चे का केयर प्लान बनाया जाए: कलेक्टर

**रतलाम।** कलेक्टर श्री राजेश बाथम ने सोमवार को महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत मिशन शक्ति हब तथा मिशन वात्सल्य के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर की कलेक्टर ने मिशन वात्सल्य के अंतर्गत बाल संप्रेषण गृह निवेदिता बालिका गृह तथा शिशु ग्रह के प्रत्येक बच्चे का प्रथक-प्रथक केयर प्लान बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए बैठक में महिला बाल विकास अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा, सहायक संचालक सुश्री अंकिता पंड्या, सहायक संचालक श्री आरके मिश्रा आदि उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर द्वारा बाल कल्याण समिति के सदस्यों को समन्वय एवं टीम भावना के साथ काम करने तथा प्रत्येक माह बाल संप्रेषण गृह बालिका गृह शिशु ग्रह का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए, मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा कलेक्टर ने गोद लिए गए बच्चों का भी प्रत्येक 3 माह में फॉलो अप लेने के निर्देश दिए।

## कालिदास संस्कृत अकादमी द्वारा पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय को अनेक ग्रंथ समर्पित किए गए

**उज्जैन ( चंबल नवराष्ट )** कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन द्वारा महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के पुस्तकालय में सार्वजनिक उपयोग हेतु विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.विजय कुमार सीजी को अकादमी निदेशक ,डॉ.गोविंद गन्धे ने अनेक ग्रंथो को समर्पित किया । जिसमें अकादमी द्वारा प्रकाशित कालिदास रिसर्च जनरल के 26 अंक, दुर्वा पत्रिका के 25 अंक तथा 30 शास्त्रीय पुस्तके एवं मालवी- हिंदी- संस्कृत- इंग्लिश भाषाओ में लिखित ग्रंथ समर्पित किए गए । जिसमें प्रमुख रूप से मेघदूतम्, नाट्यशास्त्र ,पाणिनीयशिक्षा ,ऋतुसंहारम् ,कालिदास संदर्भकोष (तेलुगु साहित्य पर केन्द्रित) कालिदास बिब्लियोग्राफी (तेलुगु साहित्य पर केन्द्रित अंग्रेजी में) मेघसंदेश



,मालवी लोकगीत, कालिदास का वागर्थ हलकारो बादल, विक्रमोर्वशीय, मालवी नाट्यालेख ,मालव नरेश भोजराज, अभिज्ञानशाकुन्तलम् , मालविका, अग्निमित्रम् ,मेघदूते अर्थान्तरन्यास, विच्छित्तिविमर्श ,शकुन्तला, राजाविक्रमादित्य ,कालिदास कलासुषमा, समग्र केटलॉग कालिदास सूक्तिमाला, रघुवंशम् , वैयाकरण सिद्धान्तकौमुदी आदि ग्रन्थ प्रदान किए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वास्तु विभाग प्रमुख डॉ.शुभम शर्मा, पुस्तकालय प्रभारी डॉ.अजय राठी ,डॉ. प्रीती उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

# बारिश से लगातार बढ़ रहा शिप्रा नदी का जलस्तर, घाटों पर रुकी पूजा- अर्चना, सुरक्षाकर्मी तैनात

**उज्जैन ( चम्बल नवराष्ट )।** मध्य प्रदेश में भारी बारिश के बाद नदी नाले उफान पर हैं उज्जैन, इंदौर, देवास में लगातार हो रही बारिश से शिप्रा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। शिप्रा नदी के घाटों पर पानी आने की वजह से पूजा अर्चना रोक दी गई है।

जिला प्रशासन की टीम शिप्रा नदी के बढ़ते जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए है। शिप्रा नदी का छोटा पुल भी बारिश के पानी में समा गया है। पानी में पुल के समाने से आवागमन बाधित हो गया है। उज्जैन में सावन के दूसरे सोमवार से बारिश लगातार हो रही है।

शिप्रा नदी में स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की बड़ी तादाद देश भर से उज्जैन पहुंचती है। बरसात में शिप्रा नदी के घाटों पर पानी लबालब है ।




श्रद्धालुओं को घाटों पर स्नान के लिए जाने से रोक दिया गया है। सूरत से उज्जैन आए रमेश कुमार ने कहा कि शिप्रा नदी में स्नान की मनोकामना अधूरी रह गयी।

राहत की बात है कि भगवान महाकाल के दर्शन हो गये। उन्होंने सावन के दूसरे सोमवार पर भगवान महाकाल की पूजा अर्चना की। हालांकि शिप्रा में स्नान करने से वंचित रहना पड़ा। उन्होंने कहा कि अगली बार शिप्रा नदी में स्नान कर पुण्य की प्राप्ति करेंगे। अगले दौरे में भगवान महाकाल की पूजा अर्चना के साथ शिप्रा नदी में स्नान भी करेंगे ।

### शिप्रा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि

रामघाट के पंडित राकेश गुरु ने बताया कि शिप्रा नदी का जलस्तर रात से बढ़ना शुरू हो गया था। सुबह भी बारिश की वजह से शिप्रा नदी का छोटा पुल डूब गया। नदी में उफान आने के बाद पानी घाटों पर आ गया है। भक्तों को शिप्रा नदी के घाटों पर जाने से रोक दिया गया है। आपात स्थिति से निपटने के लिए घाटों पर सुरक्षाकर्मियों को तैनात कर दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि उज्जैन में अभी भी रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बारिश की वजह से जलस्तर में उतार-चढ़ाव हो रहा है।

## स्काईलार्क ग्रुप के एमडी देशवाल ने किया कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत का स्वागत



कमल मालवीय

**तराना ( चम्बल नवराष्ट्र )।** कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल थावरचंद गेहलोत का आगर जिले का दौरा रहा। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इसी कड़ी में कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल थावरचंद गेहलोत आगर रोड़ ग्राम झलारा स्थित स्काईलार्क सोया प्रोटीन कम्पनी पहुँचे जहां पर उनका स्वागत स्काईलार्क ग्रुप के एमडी जितेन्द्र देशवाल द्वारा बड़ी ही गर्मजोशी के साथ किया गया। इस अवसर पर विपुल साहरण , डा मुकेश गोयल , एसडीएम राजेश बौरासी , एसडीओपी भविष्य भास्कर , माकडोन तहसीलदार नवीनचंद्र कुम्भकार , थाना प्रभारी माकडोन सहित शासन प्रशासन के अधिकारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जबलपुर महापौर ने पिया गंदे नाले का पानी

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भक्क देखते रहे, जबलपुर मेयर पी गए गटागट

**जबलपुर ( चम्बल नवराष्ट्र ) ।** ग्वारीघाट और तिलवारा घाट के ठीक बीच में नर्मदा नदी में एक बहुत बड़ा गंदा नाला मिलता है इसे खंदारी नाले के नाम से जाना जाता है। इस नाले से आधे शहर का गंदा पानी नर्मदा नदी में लगातार मिल रहा था।इसे लेकर लगातार कई आंदोलन भी हुए। नर्मदा भक्तों ने यह मांग उठाई की नर्मदा नदी में गंदा पानी मिलाने से रोका जाए। हाई कोर्ट में भी एक याचिका दायर की गई, जिसमें नर्मदा नदी में मिलने वाले गंदे पानी को नदी में मिलने से पहले ट्रीटमेंट करने की बात भी कही गई।



हाल ही में नगर निगम ने नाले के गंदे पानी को साफ करने के लिए एक एसटीपी प्लांट लगाया है। इस प्लांट में नाले के गंदे पानी को साफ किया जा रहा है और साफ करने के बाद ही इसे नर्मदा में छोड़ा जा रहा है। सोमवार को इस प्लांट का उद्घाटन करने मध्य प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जबलपुर पहुंचे,उनके साथ जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह भी मौजूद रहे। कैलाश विजयवर्गीय ने इस मौके पर कहा कि जबलपुर में तो गंदे नाले को नर्मदा नदी में मिलने से रोक दिया गया है, अब इसका साफ पानी ही नर्मदा नदी में जाएगा लेकिन वे पूरे प्रदेश में ऐसी कोशिश कर रहे हैं कि किसी भी शहर का गंदा पानी नर्मदा नदी में ना मिले।

### महापौर ने पिया नाले का पानी

जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने गंदे नाले के पानी को पीकर दिखाया। दरअसल, गंदे नाले का पानी एसटीपी प्लांट में जा रहा है और प्लांट में इसको फिल्टर किया जा रहा है। महापौर का दावा है कि नाले का जो पानी फिल्टर किया जा रहा है वह इतना साफ है कि उसे पिया जा सकता है और उन्होंने इस पानी को पीकर दिखाया। इस बड़े नाले से बड़े पैमाने पर गंदा पानी नर्मदा नदी में मिल रहा था लेकिन यह दावा पूरी तरह सही नहीं है कि एक नाले के गंदे पानी को साफ कर लेने के बाद जबलपुर में नर्मदा नदी में कोई दूसरा गंदा नाला नदी में नहीं मिल रहा, अभी भी कई छोटी-छोटी नाली और नालियां हैं जिनके माध्यम से गंदा पानी नर्मदा नदी तक पहुंचता है। नगर निगम का कहना है कि इन्हें भी साफ करने की कोशिश की जा रही है।

# बस ने बाइक को मारी टक्कर, चार लोगों की मौत



**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र )।** शहर में एक बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे एक ही परिवार के तीन सदस्यों समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार रात करीब नौ बजे बागसेवनिया इलाके में होशंगाबाद रोड पर हुई। बागसेवनिया थाने के इंस्पेक्टर अमित सोनी ने पीटीआई-को बताया कि पीड़ित बाजार से घर लौट रहे थे, तभी एक बस ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिर गए।

सोनी के मुताबिक, हादसे में घायल फूल सिंह लोधी (40), उसकी पत्नी सीता (35) और बेटी के अलावा सरोज रानी अहिरवार (45) को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। सोनी के अनुसार, पुलिस ने आरोपी बस चालक को गिरफ्तार कर उसका वाहन जब्त कर लिया है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करें, बांधों के गेट खुलने से पहले ग्रामीणों को करें सूचित: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि वर्षा काल में प्रदेश में कहीं भी जन हानि न हो। इसके लिए सभी कलेक्टर्स अपने नेतृत्व में जिलों में प्रशासनिक अमले को दायित्व सौंपे। बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करें। संबंधित अमला सजग एवं सतर्क रहे और आम जनता को आगाह भी किया जाए ताकि कोई दुघर्टना हो। अतिवर्षा या बाढ़ की चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वय में कोई कमी नहीं रहना चाहिए। लोगों की जीवन रक्षा के लिए कहीं सेना की जरूरत हो तो कलेक्टर्स समय पर जानकारी में जाये। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा है कि कल दिल्ली में ओल्ड राजेंद्र नगर में हुए हादसे में बेसमेंट में पानी भरने से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन युवाओं की असामयिक मृत्यु दुखद और दर्दनाक है। उन्होंने घटना के प्रकाश में मध्यप्रदेश के बेसमेंट में



संचालित कोचिंग केंद्रों के सर्वे के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में सोमवार को मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस से वर्षा की स्थिति और कुछ जिलों में बाढ़ की आशंका के संबंध में समीक्षा की। साथ ही जिलों के कलेक्टर्स-कमिश्नर्स से प्रदेश में अतिवर्षा की स्थिति में आवश्यक प्रबंधों को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग ऐसे पुल-पुलियों की जानकारी संकलित करें, जहां पूर्व में दुर्घटनाएं में हुई हैं, ऐसे रपटों और पुलों पर प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करे।

# 7 लाख से अधिक परिवारों को मिल रहा राशन

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना से 20 अनुसूचित जनजाति बहुल जिलों में 89 विकासखण्डों के 6575 शासकीय उचित मूल्य दुकान विहीन ग्रामों में 7 लाख 13 हजार परिवारों को वाहन द्वारा राशन का वितरण किया जा रहा है। ग्रामवार वितरण की दिनांक एवं स्थल का निर्धारण संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा किया जाता है। श्री राजपूत ने बताया है कि इस कार्य में लगे वाहनों का संचालन अनुसूचित जनजाति के युवकों द्वारा ही किया जाता है। शासन द्वारा इन युवकों को एक टन क्षमता के वाहन पर 24 हजार और 2 टन क्षमता के वाहन पर 31 हजार रूपये प्रतिमाह किराया का भुगतान भी किया जाता है। राशन वितरण 472 वाहनों के माध्यमों से किया जा रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर बोले सीएम मोहन यादव

# मध्य प्रदेश में देश के 20 फ़ीसदी बाघ

**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र )।** टाइगर स्टेट में मध्यप्रदेश के 20 फीसदी बाघ है। आज अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वन्य जीवों के संरक्षण के लिए सफल प्रयास हो रहे है।

आज मध्यप्रदेश में 7 टाइगर रिजर्व हैं, 25 लाख से ज्यादा पर्यटक प्रतिवर्ष प्रदेश में आते हैं। इससे 55 करोड़ रुपए से 60 करोड़ रुपए का राजस्व प्रदेश को प्राप्त होता है। अपनी इकोनामी बदलने के लिए टूरिज्म सेक्टर में प्रधानमंत्री का जो प्रयास है वह सबसे बड़ी भूमिका निभाएगा। यह प्रयास हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को भी सुधारेगा और हमारे जंगल की रक्षा भी करेगा।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि



जैसे बाकी राज्यों से हमारी राजधानी विशिष्ट है, ऐसे ही बाघों की संख्या में हम भी विशिष्ट हैं। पूरे देश के 20 प्रतिशत बाघ हमारे राज्य में हैं। वन विभाग ने अनाथ बाघों व शावकों को प्राकृतिक परिवेश में संरक्षित करते हुए कान्हा टाइगर रिजर्व में पुनर्स्थापित किया है। सीएम ने कहा कि एशिया में कहीं चीता मिले या ना मिले लेकिन अपने मध्य प्रदेश में है ये हम सबका सौभाग्य है। हम आगे और ऐसे रिजर्व फॉरेस्ट बुला रहे हैं, जहां ऐसे प्रयास किए जा सके। विभिन्न प्राकृतिक जीव जो खूबसूरत है लेकिन काल के प्रवाह में विलुप्त हो गए। इनको पुनर्स्थापित करने का हम सभी मिलकर प्रयास करेंगे।उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन कर्मियों और अधिकारियों का सम्मान-मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस अवसर पर विलेज रीलोकेशन सतपुड़ा मॉडल, कान्हा की कहानियाँ एवं पेंच टाइगर बिहेवियर एक्टिविटी किट-3 पुस्तक का विमोचन किया एवं वन और वन्य प्राणियों के संरक्षण हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन कर्मियों व अधिकारियों को सम्मानित किया।

# नहीं रहे शेर-ए-भोपाल आरिफ अकील

## 72 वर्ष की उम्र में पूर्व मंत्री ने ली अंतिम सांस

**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र ) ।** मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री और राजधानी भोपाल के पूर्व विधायक आरिफ अकील का लंबी बीमारी के बार निधन हो गया । उन्होंने भोपाल के एक निजी अस्पताल में सोमवार सुबह अंतिम सांस ली। आरिफ अकील 72 साल के थे वह भोपाल उत्तर से 6 बार विधायक रह चुके हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक आरिफ अकील का पिछले लंबे समय से स्वास्थ्य खराब चल रहा था। उन्हें सीने में दर्द की शिकायत के चलते अपोलो अस्तपाल में भर्ती किया गया था। उनके निधन पर पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दुख जताया है।




**लगातार जीत का रिकॉर्ड बनाने वाले विधायक थे अकील**-बता दें कि भोपाल की उत्तर विधानसभा ऐसे सीट है, जहां से एमपी के इकलौते मुस्लिम विधायक आरिफ अकील ने लगातार चुनाव जीतने का रिकार्ड बनाया है। 2023 के विधानसभा चुनाव में स्वास्थ्य खराब होने के चलते उन्होंने चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था। तब कांग्रेस ने उनके बेटे आतिफ अकील को कांग्रेस का उम्मीदवार बनाया था। और आतिफ अकील बड़ी जीत हासिल की थी।

**शेर के भोपाल के नाम से पहचाने जाते थे**-शेर के भोपाल के नाम से पहचाने जाने वाले आरिफ अकील के इंतेकाल की खबर से शहर में शोक की लहर दौड़ गई है। भोपालवासियों के चहेते आरिफ अकील बेहद साधारण जीवन जीते थे। अपने विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों को बसाया है। कई बेघर लोगों को उन्होंने मकान दिलवाए हैं । भोपाल की उत्तर विधानसभा से लगातार 40 साल तक सियासत करने वाले आरिफ अकील कांग्रेस शासनकाल में दो बार मंत्री भी रहे हैं। उन्होंने अल्पसंख्यक कल्याण, जेल, खाद्य जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाली है। इस दौरान उन्होंने जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है ।

# माँ तुझे प्रणाम योजना के तहत 81 सदस्यीय दल को जेसलमेर रवाना

**भोपाल।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने तात्या टोपे खेल स्टेडियम से माँ तुझे प्रणाम योजना के तहत आगर-मालवा, अनूपपुर, बड़वानी और अलीराजपुर जिले के 73 युवाओं और 8 सपोर्ट स्टॉफल सहित कुल 81 सदस्यीय दल को जेसलमेर (राजस्थान) अंतर्राष्ट्रीय सीमा के लिए रवाना किया।

मंत्री श्री सारंग ने ओजस्वी उद्बोधन में युवाओं को संबोधित करते हुये माँ तुझे प्रणाम योजना के महत्व को बताया। उन्होंने बताया विभाग ने यह योजना युवाओं में देश प्रेम की भावना जागृत करने के लिए प्रारंभ की है। उन्होंने युवाओं का आहवान् करते



हुये कहा कि भारत ने अनेकों बलिदानों के बाद यह अजादी पाई है। उन्होंने देश के बलिदानियों का उदाहरण देते हुये बताया कि शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव, चन्द्रशेखर आजाद अपना सर्वस्व न्यौछावर करते हुये देश को आजादी दिलायी है। हमें देश के लिए जीना सीखना है, जरूरत पड़ने पर सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए तैयार रहना है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विनीत गुप्ता, एम.आई.आफसेट वर्क्स, 91, रशीदिया स्कूल के पास बरखेड़ी, भोपाल से मुद्रित तथा सीओ मो. नफीस कुरैशी 91, रशीदिया स्कूल के पास, बरखेड़ी, भोपाल-462008 से प्रकाशित। सम्पादक: विनीत गुप्ता मो. 8889307028, कार्यकारी सम्पादक महेन्द्र राय। RNI No. MPHIN/2018/77427 ( समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। )